विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 262 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 24 जून 2025 डाक 25 जून 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर में नक्सली हमले में शहीद हुए आकाश राव गिरपुंजे के परिजनों से मुलाकात की





**देश-विदेश**
ईरान का अमेरिका पर पलटवार, अमेरिकी सैन्य अड्डों पर दागीं 6 मिसाइलें, कतर ने अपना एयरस्पेस किया बंद





**फीचर पेज**
एक्सरसाइज करने से आप बन सकते हैं युवा और बुढ़ापा भी रहेगा दूर




## मेरी जान को खतरा है... तेज प्रताप ने सरकार से मांगी सुरक्षा, बोले- साजिश रचने वाले 5 नामों का करेंगे खुलासा

**पटना, 24 जून [एजेंसी]।**



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से निष्कासित नेता तेज प्रताप यादव ने कहा कि बिहार की जनता ने देखा है कि किस तरह पार्टी के चार-पांच सदस्यों की साजिश के कारण उन्हें राजद से निष्कासित किया गया। तेज प्रताप यादव ने कहा कि बिहार की जनता उनकी असलियत जानती है और वह सभी से जल्दी घुलमिल जाते हैं। तेज प्रताप ने दावा किया कि राजद के उन चार-पांच लोगों ने उनका दुरुपयोग किया। अब विधानसभा चुनाव लड़ने का संकेत देते हुए यादव ने कहा कि अब वह आम लोगों के बीच जाएंगे और लोग ही उन्हें न्याय दिलाएंगे। तेज प्रताप यादव ने कहा कि जिस तरह से यह घटना हुई और किसके द्वारा हुई। जिस तरह से मुझे 4-5 लोगों ने साजिश के तहत पार्टी से निकाला, उसे बिहार की जनता ने देखा है। पूरे प्रदेश की जनता जानती है कि मेरा स्वभाव कैसा है और मैं किस तरह से सबके साथ घुलमिल जाता हूं। इसका फायदा उठाकर राजद में बैठे कुछ 4-5 लोग सोचते हैं कि अगर मैं अकेला रह गया तो वे मुझे दबा देंगे। तेज प्रताप यादव को दबाया नहीं जाएगा और यह मैं आपको बता देना चाहता हूं। अब हम जनता के बीच जाएंगे और जनता मेरे साथ न्याय करेगी। 4-5 लोग बैठे हैं, मैं उनका नाम नहीं लूंगा, इन पापी लोगों का नाम भी उजागर नहीं होना चाहिए। इसके अलावा, तेज प्रताप यादव ने इस बात पर जोर दिया कि वह राजद से अपने निष्कासन के लिए जिम्मेदार चार से पांच लोगों के नाम उजागर करेंगे। यादव ने कहा कि वह अदालत से मदद मांगेंगे और अपने निजी जीवन में हस्तक्षेप बर्दाश्त करेंगे।

निष्कासित राजद नेता ने कहा, मैं डरने वालों में से नहीं हूं...मैं स्थिति का सामना करूंगा...मैं उन 4-5 लोगों के नाम उजागर करूंगा जिन्होंने मेरे साथ ऐसा किया है। कोई भी अपने निजी जीवन में हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। मैं अदालत से मदद मांगूंगा। तेज प्रताप यादव ने बिहार सरकार से अपनी सुरक्षा बढ़ाने का आग्रह किया क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी जान को खतरा है। यादव ने कहा कि वे उन लोगों को नहीं छोड़ेंगे जिन्होंने उनकी जिंदगी बर्बाद की है। निलंबित आरजेडी नेता ने कहा कि बड़े भाई के तौर पर वे चाहते हैं कि तेजस्वी यादव बिहार के मुख्यमंत्री बनें।

### धमाकों की आवाज से दहले यरुशलम और तेल अवीव

## ट्रंप के सीजफायर ऐलान के बाद ईरान का इजरायल पर फिर अटैक, 7 की मौत



**यरूसलम, 24 जून [एजेंसी]।**

इजरायल की फौज ने मंगलवार को अपने नागरिकों को आगाह किया कि ईरान की तरफ से मिसाइलें दागी गई हैं। इसके साथ यरुशलम और तेल अवीव में भी धमाकों की आवाज सुनी गई है। इसके अलावा ईरानी मिसाइल से बीरशेबा इमारत पर हमला हुआ है। इस हमले में कम से कम 7 लोगों की मौत हुई है और कई इजरायली घायल हुए हैं।ये हमला उस वक्त हुआ जब इजरायल और ईरान के बीच जंग को रोकने की बातचीत का माहौल बन रहा था। लेकिन इस ताजा हमले ने दोनों मुल्कों के बीच तनाव को और बढ़ा दिया है। इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने बताया कि ईरान से मिसाइलें दागे जाने की वजह से देश भर में सायरन बजने लगे। ये हमला ईरानी समयानुसार सुबह 4 बजे के बाद हुआ। इससे पहले ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा था कि अगर इजरायल अपनी हवाई हमले बंद कर दे, तो ईरान भी जंग को रोक देगा। इजरायल की फौज ने अपने नागरिकों को हिदायत दी थी कि वो सुरक्षित ठिकानों में चले जाएं। ताजा हमले की वजह से सीजफायर को लेकर चल रही बातचीत पर सवालिया निशान लगा दिया है। ईरान और इजरायल के बीच पहले से ही तनाव चरम पर है। ईरानी विदेश मंत्री के बयान के बाद उम्मीद थी कि शायद जंग टल जाए। मगर इस मिसाइल हमले ने हालात को और पेचीदा कर दिया है। इजरायल की सेना ने कहा कि वो हर तरह के हमले का जवाब देने के लिए तैयार है।

### इजरायल के साथ सीजफायर पर नहीं हुआ समझौता, ट्रंप के दावे के बाद ईरान का बड़ा बयान

**दुबई।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मंगलवार को कहा कि अगर इजरायल अपनी हवाई हमलों को सुबह 4 बजे तक रोक देता है, तो ईरान भी अपने हमले बंद कर देगा। यह बयान ऐसे वक्त में आया है, जब अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान और इजरायल के बीच सीजफायर होने का दावा किया था। अराघची का यह बयान ईरान की तरफ से पहली आधिकारिक टिप्पणी है, जिसमें उन्होंने साफ शब्दों में अपनी शर्त रखी है। अराघची ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सुबह 4 बजे लिखा। उन्होंने लिखा, अभी तक सीजफायर या सैन्य कार्रवाइयों को रोकने पर कोई समझौता नहीं हुआ है। लेकिन, अगर इजरायली हुकूमत ईरानी अवाम के खिलाफ अपने गैर-कानूनी हमले को सुबह 4 बजे तक रोक दे, तो हमारा इरादा इसके बाद जवाबी कार्रवाई जारी रखने का नहीं है। इसके बाद एक और ट्वीट में ईरानी विदेश मंत्री ने इशारा किया कि सीजफायर हो चुका है, लेकिन इसे साफ शब्दों में नहीं कहा है और न ही इसकी आधिकारिक घोषणा की है। उन्होंने लिखा, हमारी ताकतवर फौजी ताकतों की सैन्य कार्रवाइयां, जो इजरायल को उसके हमले की सजा देने के लिए थीं।



## ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने पर पाकिस्तान देता था पैसे आर्मी के गद्दार जवान ने खोले राज, बैंक डिटेल खंगाल रही पुलिस



**अमृतसर।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले भारतीय सेना के जवान गुरप्रीत सिंह और उसके साथी साहिल मसीह को पिछले दो महीनों में दो लाख रुपये मिले थे। यह राशि ऑनलाइन ट्रांसफर की गई है, जिसे गुरप्रीत ने अपने साथी साहिल के बैंक खाते में डलवाया। यह भी पता चला है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी गुरप्रीत ने आईएसआई को कई सैन्य ठिकानों की जानकारी भेजी थी। उधर, कोर्ट ने दोनों आरोपितों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है और मंगलवार को इन्हें फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा।

एसएसपी मनिंदर सिंह ने बताया कि जांच में यह सामने आया है कि गुरप्रीत सिंह ने जम्मू के अलावा दिल्ली कैंट और मेरठ कैंट में भी अपनी ड्यूटी की है। पुलिस को संदेह है कि वह लंबे समय से आईएसआई के एजेंट राणा जावेद के संपर्क में था। उसने जम्मू के साथ-साथ दिल्ली, मेरठ और पंजाब के कई सैन्य ठिकानों की जानकारी राणा जावेद के माध्यम से आईएसआई को दी है।

## सीएम ने एमएएमसी के बुनियादी ढांचे में सुधार को लेकर पीडब्ल्यूडी को दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश



**नई दिल्ली।** मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) में खराब बुनियादी ढांचे और बुनियादी सुविधाओं के अभाव की पृष्ठभूमि में, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को छात्र संघ प्रतिनिधियों और संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की, और उन्हें स्थिति को सुधारने के लिए तत्काल और ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान, छात्रों ने छात्रावासों की खस्ताहाल स्थिति, परिसर में खराब रोशनी, अपर्याप्त सुरक्षा कर्मियों, अवैध अतिक्रमण और भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, कॉलेज प्रशासन और छात्र प्रतिनिधियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। चर्चा के बाद, सीएम ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को छात्रावासों में तत्काल मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। रात में सुरक्षा बढ़ाने के लिए उच्च तीव्रता वाली एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। समग्र परिसर की सुरक्षा में सुधार के लिए, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती बढ़ाने के साथ-साथ 24×7 सीसीटीवी निगरानी लागू की जाएगी।

## गुरुग्राम के बसई गांव में गिरी दीवार तीन श्रमिक दबे, एक की हालत गंभीर



**गुरूग्राम, 24 जून [एजेंसी]।**

बसई गांव में सोमवार रात एक दीवार अचानक ढह गई। दीवार के पास आराम कर रहे तीन श्रमिक इसके नीचे दब गए। गुरुग्राम पुलिस और स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एसडीआरएफ) की टीमें मौके पर पहुंचीं। दीवार के नीचे फंसे दो श्रमिक लोगों की मदद से खुद बाहर निकल आए, लेकिन सुरेंद्र नाम का मिस्त्री निकल नहीं पाया था। एसडीआरएफ ने दो घंटे की मशक्कत के बाद मलबे में दबे सुरेंद्र सिंह को बाहर निकाला और एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती करवाया। फिलहाल उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि यहां पर दीवार के पास खोदाई का काम चल रहा था। काम खत्म करने के बाद मिस्त्री और श्रमिक वहीं पर आराम करने बैठ गए थे। इसी दौरान पास की दीवार ढह गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घायल मिस्त्री सुरेंद्र सिंह मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के रहने वाले हैं। दीवार गिरने के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। माना जा रहा है कि दीवार के पास खोदाई के कारण और निर्माण में लापरवाही से यह हादसा हुआ है। यहां काम खत्म करने के बाद मजदूर आराम करने लगे। इस दौरान अचानक दीवार गिर गई जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस ने बताया कि घायल सुरेंद्र सिंह मूल रूप से मध्य प्रदेश का रहने वाला है और उसकी हालत गंभीर है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## अनंतनाग में आतंकवादियों का मददगार को गिरफ्तार, पुंछ में सुरक्षा बलों का जारी है 12 स्थानों पर तलाश अभियान

**जम्मू, 24 जून [एजेंसी]।**



जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को लगभग 12 स्थानों पर तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और राष्ट्रीय राइफल्स ने सुबह छह बजे से सुरनकोट और मेंढर में संयुक्त रूप से तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान सुरनकोट के सरी, उस्तन, पठानखोर, लोहार मोहल्ला, चांदीमढ़, फागल, हरि टॉप और मेंढर के उचाद एवं कल्लर-गुरसाई में जारी है। इसके अलावा सुरक्षा बलों ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले से आतंकवादियों के एक मददगार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यहां जानकारी दी।

सेना और पुलिस की संयुक्त टीम ने आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान बिजबेहरा शहर से बुरहान अमीन मलिक को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों के मददगार के कब्जे से एक हथगोला बरामद किया गया। जहां एक तरफ भारतीय सेना का तलाशी अभियान आतंकी की जड़े काटने के लिए जारी हैं वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने सोमवार को कहा कि उसने पहलगाम आतंकवादी हमले में संलिप्त आतंकवादियों की पहचान के बारे में ठोस सबूत जुटाए हैं। संघीय एजेंसी ने यह भी कहा कि उचित समय पर विवरण को सार्वजनिक किया जाएगा।

## लंदन से मुंबई आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट में हड़कंप

### पांच यात्रियों समेत सात लोगों की तबीयत अचानक बिगड़ी

**मुंबई 24 जून।** लंदन से मुंबई आ रही एअर इंडिया की एक फ्लाइट में कुछ यात्रियों और क्रु मेंबर्स की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। मुंबई एअरपोर्ट पर लैडिंग के बाद सभी को मेडिकल रूम में ले जाया गया, जिसके बाद उनकी हालत में सुधार आया। एअर इंडिया की फ्लाइट 130 लंदन के हीथ्रो एअरपोर्ट से मुंबई आ रही थी। उड़ान के दौरान ही पांच यात्रियों और 2 क्रु मेंबर्स की हालत खराब हो गई। सभी को आचनाक चक्कर आने लगे और मितली जैसा महसूस होने लगा।

## कानपुर के एलएलआर अस्पताल की इमरजेंसी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, मची अफरातफरी



**कानपुर, 24 जून [एजेंसी]।**

लाला लाजपत राय चिकित्सालय की इमरजेंसी के रेड जोन में सुबह करीब साढ़े आठ बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिस समय रहते वहां पर कार्यरत स्टाफ नर्स और वार्ड बॉय ने बुझाकर अप्रिय घटना होने से बचा लिया।

इमरजेंसी के रेड जोन के बेड नंबर 12 के ऊपर लगे वॉल फैन से अचानक धुआं उठा और उसमें आग लग गई, जिसे देखते ही नर्सिंग स्टाफ और वार्ड बॉय की तत्परता के चलते बुझा लिया गया। एहतियात के तौर पर इमरजेंसी के रेड जोन में भर्ती मरीज को दूसरे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है।

## ऑपरेशन सिंधुः 161 यात्रियों को लेकर इजरायल से नई दिल्ली पहुंची पहली फ्लाइट, यात्रियों ने जताया आभार

**ईरान, 24 जून [एजेंसी]।**

ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष तेज होने के बाद वहां फंसे भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए अभियान जारी है। 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत 161 भारतीय नागरिकों के पहले समूह को मंगलवार को इजरायल से वापस लाया गया है। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा ने दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्रियों का स्वागत किया। इस दौरान भारत लौटे नागरिकों ने केंद्र सरकार का आभार जताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कुछ तस्वीरें साझा की। उन्होंने लिखा, ऑपरेशन सिंधु का इजरायल चरण 23 जून को शुरू हुआ, जिसमें 161 भारतीय नागरिकों का पहला समूह इजरायल से वापस लाया गया है। वे आज सुबह 8.20 बजे अम्मान, जॉर्डन से नई दिल्ली सुरक्षित पहुंचे। एयरपोर्ट पर विदेश राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा ने उनकी अगवानी की। विदेश में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पाबित्रा मार्गेरिटा ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, इजरायल से निकाले गए 161 भारतीय नागरिकों के पहले जत्थे का स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। यह समूह कुछ ही देर पहले नई दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से पहुंचा है। इजरायल से निकाले गए भारतीय नागरिकों में से एक यात्री ने कहा, इजरायल में स्थिति बहुत खराब है, लेकिन इसके बावजूद भारत सरकार ने हमें वहां से सुरक्षित निकाला है। मैं भारत सरकार का आभार व्यक्त करती हूं।

## सीएम साय ने श्रीकाल भैरव मंदिर में पूजा अर्चना की



**रायपुर/यूपी।** सीएम साय ने श्रीकाल भैरव मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने एक्स पोस्ट में बताया, आज देवों के अधिदेव, भगवान शंकर की पावन नगरी काशी में स्थित 'काशी के कोतवाल' श्री काल भैरव जी महाराज के मंदिर में दर्शन और पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस पावन अवसर पर बाबा की आराधना की और संपूर्ण राष्ट्र के कल्याण के लिए प्रार्थना की। बाबा भैरवनाथ की कृपा समस्त देशवासियों पर बनी रहे और सभी के जीवन में सुरक्षा, समृद्धि व मंगल का आलोक निरंतर प्रसारित होता रहे यही कामना है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## वैष्णो देवी में भीषण बारिश से भूस्खलन, जगह-जगह कंकड़-पत्थर, माता तक पहुंचने वाला रास्ता तबाह

**कटड़ा, 24 जून [एजेंसी]।**



श्री माता वैष्णो देवी के यात्रा मार्ग पर सोमवार दोपहर तेज वर्षा के दौरान हिमकोटी व आसपास भूस्खलन होने से श्रद्धालुओं की आवाजाही बंद करने के साथ बैटरी कार सेवा भी स्थगित कर दी गई। पारंपरिक मार्ग सुचारु रहा, जिससे श्रद्धालु आते-जाते रहे। श्राइन बोर्ड के कर्मी मार्ग को सुचारु करने में जुटे हुए हैं। दोपहर करीब 12 बजे उमस के बाद मौसम ने करवट बदली और तेज वर्षा शुरू हो गई, जो ढाई घंटे तक जारी रही। इस दौरान बैटरी कार मार्ग के हिमकोटी व अन्य स्थानों पर भूस्खलन से मार्ग पर जगह-जगह कंकड़-पत्थर के साथ कीचड़ व दलदल हो गया। लगातार पत्थर गिरने से इस मार्ग से श्रद्धालुओं की आवाजाही बंद कर दी गई और बैटरी कार सेवा को भी स्थगित कर दी गई। प्रतिकूल मौसम के कारण हेलीकॉप्टर सेवा लगातार पांचवें दिन स्थगित रही। तेज वर्षा से वैष्णो देवी भवन से भैरव घाटी तक चलने वाली केबल कार सेवा भी स्थगित रही। श्रद्धालु पैदल या घोड़ा, पिट्ठू, पालकी का सहारा लेकर यात्रा करते रहे। बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि बैटरी कार मार्ग की मरम्मत जारी है। जल्द ही इसे सुचारु कर दिया जाएगा। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए सभी मार्गों पर आपदा प्रबंधन दल के साथ श्राइन बोर्ड, पुलिस विभाग, सीआरपीएफ के अधिकारी व जवान जगह-जगह तैनात हैं और यात्रा पर निगाह रखे हुए हैं। श्रद्धालुओं को निर्देश दिए जा रहे हैं कि वह पूरी सावधानी के साथ यात्रा करें और भूस्खलन क्षेत्र में ना रुकें। तमाम दुश्वारियों के बावजूद श्रद्धालु मां वैष्णो का जयघोष करते हुए परिवार, मित्रों के साथ यात्रा कर रहे हैं। बीते 22 जून को 34717 श्रद्धालुओं ने मां वैष्णो देवी की यात्रा की थी, सोमवार शाम चार बजे तक 18800 श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवाकर भवन की ओर रवाना हो चुके थे और श्रद्धालुओं का आना जारी है।

## मुंबई में भारी बारिश और हाई टाइड की चेतावनी

**मुंबई।** मानसून के सक्रिय होने के साथ ही मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मुंबई में 24 से 28 जून तक लगातार पांच दिनों तक समुद्र में हाई टाइड की चेतावनी जारी की है। आईएमडी ने मुंबई के लिए 24 से 26 जून तक येलो अलर्ट जारी किया है। यानि पूरे हफ्ते भारी बारिश की आशंका बनी रहेगी। 23 जून को भारी बारिश से मुंबई के भिवंडी, अलीबाग और सिंधुदुर्ग में स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। भिवंडी में मूसलाधार बारिश ने कामवारी नदी के जलस्तर में भारी वृद्धि कर दी है, जिससे सैकड़ों दुकानों और घरों में पानी घुस गया। तीन बत्ती भाजी मार्केट इलाके में दुकानदार रात भर सामान निकालते रहे। खाड़ीपार इलाके में नदी का पानी पुल को छू रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लोग सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं।

# पार्षद एवं भाजयूमो जिला महामंत्री नरेंद्र देवांगन के साथ कोहड़िया वार्डवासियों ने लिया विकसित भारत 2047 का संकल्प

**कोरबा।** 11 साल – बेमिसाल अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 18 कोहड़िया चारपारा स्थित सराईपारा सामुदायिक भवन में रविवार को एक भव्य मोहल्ला चौपाल एवं संकल्प पत्र शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य प्रभारी पार्षद एवं भाजयुमो जिला महामंत्री नरेंद्र देवांगन रहे, जिनके मार्गदर्शन में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यक्रम में भाजपा सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत उज्ज्वला गैस कनेक्शन, राशन कार्ड तथा हितग्राही कार्डों का वितरण कर क्षेत्र के नागरिकों को लाभान्वित किया गया।मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती मंजू सिंह ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की विस्तार से जानकारी दी।इस अवसर पर पार्षद नरेंद्र देवांगन ने कहा कि हर नागरिक की भागीदारी से ही 'विकसित भारत' का सपना साकार होगा। हमें संकल्प से सिद्धि की दिशा में मिलकर काम करना है।



उन्होंने उपस्थित जनसमूह से संकल्प पत्र भरवाकर, प्रतिज्ञा संग राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने की अपील की। तत्पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं,पदाधिकारियों एवं वार्ड वासियों साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत् वृक्षारोपण किया गया।कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता श्री लक्ष्मीकांत जोशी, मंडल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, मंडल महामंत्री श्रीमती सुमन सोनी, पार्षद एवं जिला खनिज न्यास सदस्य श्री मुकुंद सिंह कंवर, मंडल उपाध्यक्ष श्री अनिल यादव, भाजपा विधायक प्रतिनिधि श्री कपूर चंद पटेल, श्री पुनीराम साहू, श्री प्यारेलाल साहू, श्री आशीष द्विवेदी, श्री कृष्ण कुमार द्विवेदी, भाजयुमो कार्यकारिणी सदस्य श्री भूपेंद्र साहू, श्री लक्ष्य चतुर्वेदी, बूथ अध्यक्ष श्री बलिराम यादव, श्री मुकुंद पटेल, श्री जेलूराम केवट सहित बड़ी संख्या में भाजपा जिला व मंडल पदाधिकारियों एवं वार्डवासियो की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की सफलता में भाजपा कार्यकर्ताओं, जिला एवं मंडल पदाधिकारियों की अहम भूमिका रही। नरेंद्र देवांगन ने अंत में सभी वार्डवासियों से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के संकल्प को जन–जन तक पहुंचाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# कांग्रेस नेता के ऊपर जान लेवा हमला आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज!

**कोरबा कोरबी चोटिया।** जिले के सरहदी इलाका एवं पसान थाने के अधिन कोरबी पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिरमिना, नवापारा,में एक जमीन विवाद को लेकर कांग्रेस नेता के ऊपर जान लेवा हमला कर दिया गया है, विवरण इस प्रकार है कि बीते दिनों रविवार को सुबह 8 बजे सिरमिना निवासी अमृतलाल पिता स्वर्गीय रामबरन ताम्रकार उम्र 66 वर्ष जब अपने निजी खाते की भूमि को जोताई करने गया था, तभी घात लगाए नवापारा निवासी परदेशी पिता रामा राऊत, ने अमृत ताम्रकार को भद्दी – भद्दी गालियां एवं जान से मारने की धमकी देते हुए बोल रहा था कि तुम खेत को जमालू राऊत को क्यों अधिया में दे दिए हो, कह कर डंडा से उसके सिर पर व बायां हाथ में जान लेवा जोरदार डंडे से वार कर दिया, घटना स्थल पर उपस्थित दीनदयाल रावत, एवं अमृतलाल ताम्रकार के पुत्र मुकेश ताम्रकार, ने बीच बचाव किया जिससे डंडे की वार से सिर में गंभीर चोट आने से लहुलुहान हो गया, और हांथ में डंडे की वार से उंगली , व गदिया, में गंभीर चोटें आई हैं, तत्पश्चात तत्काल इस घटने की सुचना घायल अमृतलाल, ने स्थानीय पुलिस चौकी में आकर दर्ज कराई, चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुरेश कुमार जोगी, ने घायल को उचित इलाज हेतु पोड़ी उपरोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए रवाना किया, जहां से घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय के लिए रीफर किया गया है,इस संबंध में चौकी प्रभारी सुरेश कुमार जोगी ,ने बताया कि घटना रविवार सुबह 8 बजे 22 जुन को जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्ष में मारपीट हुई है, जिसमें परदेशी पिता रामा राऊत,ने भी चौकी में आकर लिखित आवेदन देकर मारपीट करने का आरोप लगाया है, मामले की जांच स्थल पर जाकर की गई है, जिसमें धारा – 296,351,(3),115,(2) बी एन एस के तहत परदेशी राऊत, के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है!

# डा. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर डीएसपीएम में कार्यक्रम अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दी श्रद्धाजंलि



**कोरबा।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व में दिनांक 23.06.2025 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 72 वी पुण्य तिथि के अवसर पर उपस्थित मुख्य अभियंता संजीव कंसल एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंताओं राजेश्वरी रावत, एल.एन. सूर्यवंशी, विजय सेन चौधरी, सुनील सरना एवं वरि. मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी के गरिमामय आतिथ्य में डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजली दी गई।

इस अवसर पर मुख्य अभियंता कंसल ने कहा डॉ. मुखर्जी जी ने देश की एकता और अखण्डता का जो पाठ पढ़ाया है वह सदैव हम सभी के लिए स्मरणीय रहेगा। वे भारत के महान नेता, स्वतंत्रता सेनानी, चिंतक एवं विचारक थे। वे 33 वर्ष की अल्पायु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति के प्रतिष्ठित पद पर आसीन हो गये थे। इस पद पर नियुक्ति पाने वे सबसे कम आयु के कुलपति थे। 23 जून 1953 को उनकी मृत्यु हुई। भारत ने एक ऐसा व्यक्तित्व खो दिया जो भारत को नई दिशा दे सकता था। कार्यक्रम का आयोजन वरि. कल्याण अधिकारी सह मुख्य रसायनज्ञ, गोवर्धन सिदार, एवं सिविल विभाग द्वारा किया गया था। इस अवसर पर संयंत्र के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प सिद्धि अभियान के तहत बेल्टिकरी में हुआ कार्यक्रम पार्षद सुजीत सिंह बनें मुख्य वक्ता

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी के 11 सफल वर्षों के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में *विकसित भारत संकल्प सिद्धि अभियान के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 132, बेल्टिकरी बसावट में एक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य गरीब कल्याण, सेवा और सुशासन के माध्यम से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों की उपलब्धियों एवं विकास कार्यों की जानकारी आम जनता तक पहुँचाना था।इस अवसर पर मुख्य वक्ता दीपका नगर पालिका के पार्षद श्री सुजीत सिंह ने भाजपा शासनकाल में हुए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, गरीबों और किसानों के लिए चलाई गई योजनाओं, आधारभूत संरचना के विकास और डिजिटल भारत जैसे अभियानों की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया है।कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों समेत बड़ी संख्या में आम मतदाता उपस्थित रहे। सभी ने भाजपा के विकास कार्यों की सराहना की और अभियान के उद्देश्य को सफल बनाने का संकल्प लिया।यह आयोजन जनता को जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जिसमें भाजपा



कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजू प्रजापति, उप सरपंच नेतराम यादव, युवा मोर्चा मंडल दीपका मीडिया प्रभारी दीपक दुबे ,भारत यादव, शत्रुघ्न, यादव, कुंज राम यादव, पूर्व सरपंच बेहतरीन बाई, पंच विमल, कौशल्या, अशोक यादव, रितुवारा बाई, देव कुमारी, कांति बाई, अंगत कुमार, रामायण कुमार, सोनकुंवर उपस्थित रहे।




# सीएमएचओ ने किया पताड़ी अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण

कोरबा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस एन केशरी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पताड़ी (कोरबा )का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जहां उन्होंने ओपीडी, आईपीडी प्रसवकक्ष,दवा भंडार कक्ष,टीकाकरण कक्ष, पैथोलॉजी का निरीक्षण किया तथा आवश्यक संधारित दस्तावेजों का निरीक्षण कर कमियों के सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि बरसात के मौसम मे होने वाली बीमारियों तथा सर्पदंस की दवाइयों की पर्याप्त मात्रा मे उपलब्धता सुनिश्चित करें। समस्त अधिकारी और कर्मचारी समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। कोई भी अधिकारी और कर्मचारी बिना अनुमति मुख्यालय ना छोड़े.

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कृष्णा ग्रुप ने आयोजित किया सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम

**कोरबा ।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कृष्णा ग्रुप द्वारा 21 जून कृष्णा हुंडई शोरूम परिसर में सायं 6 बजे सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया। इस अवसर पर कृष्णा ग्रुप के समस्त सदस्यों एवं कर्मचारियों ने योग कर स्वस्थ शरीर और संयमित जीवनशैली के प्रति अपनी आस्था और प्रतिबद्धता दर्शाई। उक्त कार्यक्रम का नेतृत्व कृष्णा ग्रुप के चेयरमेन अशोक मोदी ने किया। उन्होंने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की कृष्णा ग्रुप केवल एक व्यवसायिक संस्था नहीं, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को आत्मसात करने वाली संस्था है। यहां स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, शिक्षक दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व मनाए जाते हैं, प्रतिदिन राष्ट्रगान होता है और योग दिवस जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मियों में राष्ट्रभक्ति, सेवा और त्याग की भावना जागृत की जाती है।उन्होंने आगे कहा कि योग का जन्म भारत में हुआ और ऋषि पतंजलि ने "करो योग–रहो निरोग" का मूलमंत्र देकर मानवता को रोगमुक्त जीवन का मार्ग दिखाया। इसके बाद स्वामी रामदेव ने देश–विदेश में योग को प्रचारित कर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाया। इसी कड़ी में कोरबा में वर्ष 2007 में आयोजित 6 दिवसीय योग विज्ञान शिविर का आयोजन स्वयं अशोक मोदी द्वारा किया गया था, जिसमें बाबा रामदेव चार्टर्ड प्लेन से कोरबा आए थे। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के तत्कालीन राज्यपाल ई.एस.एल. नरसिंम्हन, मुख्यमंत्री डॉ.



रमन सिंह, पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, गृहमंत्री रामनिवास पैंकरा, कृषि मंत्री ननकीराम कंवर और सांसद करूणा शुक्ला सहित हजारों लोग उपस्थित थे, जबकि करोड़ों दर्शकों ने टीवी के माध्यम से इस ऐतिहासिक शिविर में भागीदारी की थी।

कृष्णा ग्रुप के चेयरमेन अशोक मोदी ने बताया कि कृष्णा हुंडई शोरूम का उद्घाटन भी स्वयं स्वामी रामदेव और तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के करकमलों से संपन्न हुआ था। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को योग को अन्तर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने सभी उपस्थितजनों से आग्रह किया कि 24 घंटे में से कम से कम आधे से एक घंटे का समय प्रतिदिन योग को अवश्य दें, ताकि स्वयं एवं परिवार को स्वस्थ और रोगमुक्त रखा जा सके।इस अवसर पर कृष्णा ग्रुप के डायरेक्टर संजय मोदी, गौरव मोदी, हार्दिक मोदी, चैतन्य मोदी, वेदांत मोदी, अंकिता मोदी और निकिता मोदी की भी उपस्थिति रही। साथ ही कृष्णा हुंडई के जनरल मैनेजर वरुण नायर, कृष्णा होंडा के प्रमोद यादव, कृष्णा किया के कमलेश वांटू, तिरुपति बजाज के विवेक शर्मा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों और अधिकारियों ने भी योगाभ्यास किया।



# ई सत्य फणि कुमार ने क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक के रूप में संभाला कार्यभार

**कोरबा ।** ई सत्य फणि कुमार ने 23 जून 2025 को एनटीपीसी नवा रायपुर के पश्चिमी क्षेत्र–द्बद्ब के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला। इससे पहले, फणि कुमार एनटीपीसी विंध्याचल, मध्य प्रदेश के कार्यकारी निदेशक थे।उन्होंने आंध्र विश्वविद्यालय, विशाखापत्तनम से इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। फणि कुमार ने 1989 में एक कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में एनटीपीसी में शामिल हुए। उनके श्रेय के लिए, उन्होंने से मानव संसाधन प्रबंधन में किया। श्री फणि कुमार के पास सी एंड आई रखरखाव, प्रचालन, और प्रचालन और रखरखाव के क्षेत्रों में समृद्ध और विविध अनुभव है। उन्होंने लगभग 36 वर्षों के करियर में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया और एनटीपीसी रामागुंडम, तेलंगाना; एनटीपीसी लारा, छत्तीसगढ़ और एनटीपीसी विंध्याचल, मध्य प्रदेश में काम किया। अपने शानदार करियर में, फणि कुमार ने भारत के सबसे बड़े ताप विद्युत संयंत्र एनटीपीसी विंध्याचल का भी नेतृत्व किया, जिसकी क्षमता 4760 मेगावाट है।उनके समृद्ध और विविध अनुभव के साथ, एनटीपीसी पश्चिम क्षेत्र– उनके कुशल मार्गदर्शन और प्रभावी नेतृत्व के तहत आने वाले दिनों में बहुत लाभान्वित होगा।

# धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत बरपाली में जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर का हुआ आयोजन

**कोरबा ।** जनपद पंचायत कोरबा अंतर्गत धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कलस्टर बरपाली में सम्मिलित ग्राम बरपाली, चचिया, गिद्धकुंवारी, गिरारी, जिल्गा, कटकोना, कुदमुरा, तौलीपाली एवं तराईमालडीह के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरपाली में एक दिवसीय जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में 56 राशनकार्ड, 12 मनरेगा जॉब कार्ड, 8 पेंशन प्रकरण, फौती नामांतरण, वन अधिकार पत्र पुस्तिका, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र सहित अनेक शासकीय योजनाओं से संबंधित प्रपत्रों के आवेदन प्राप्त किए गए एवं पात्र हितग्राहियों को स्थल पर ही विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समुदाय के जीवन स्तर में सुधार करना, सामाजिक–आर्थिक सशक्तिकरण और शासकीय योजनाओं की सीधी पहुंच सुनिश्चित करना है। अभियान के माध्यम से यह प्रयास किया जा रहा है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ बिना बाधा के पहुंचे और ग्रामीणों को उनके अधिकारों एवं सुविधाओं के प्रति जागरूक किया जा सके।

शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया, जनपद सदस्य क्षेत्र बरपाली श्रीमती गंगोत्री कंवर, बरपाली सरपंच श्रीमती मनीषा कंवर, जिल्गा सरपंच श्रीमती हरावती राठिया, तौलीपाली सरपंच श्रीमती रमीला बाई, कटकोना सरपंच महेन्द्र सिंह राठिया, गिरारी सरपंच दर्शन सिंह राठिया, जनपद पंचायत कोरबा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती कौशाम्बी गबेल, विकास विस्तार अधिकारी, श्रीमती महेश्वरी साव, विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# आईटीआई संस्थाओ में विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन 25 जून तक

**कोरबा।** कोरबा जिले के शासकीय आईटीआई संस्थानों में सत्र 2025–26 एवं 2025–27 के लिए एकवर्षीय एवं द्विवर्षीय पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी 25 जून तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।शासकीय आईटीआई चोरभट्ठी में सत्र 2025–26 में व्यवसाय कोपा के 48 शीट एवं सत्र 2025–27 अंतर्गत फिटर के 20 शीट में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते है। इसी प्रकार शासकीय आईटीआई करतला में संचालित एक वर्षीय पाठ्यक्रम कोपा, मैकेनिक डीजल व वेल्डर तथा द्विवर्षीय पाठ्यक्रम व्यवसाय विद्युतकार व फीटर में सत्र अगस्त 2025 हेतु प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते है।संस्थाओं में प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि 25 जून तक विभागीय वेबसाईट में अपना आवेदन कर सकते है। साथ ही अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम शासकीय आईटीआई में कार्यालयीन समय पर सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

# बाढ़ क्षेत्र से परिसंपत्तिया हटाने की सूचना जारी

**कोरबा ।** वर्षाकाल 2025 के दौरान आवश्यकता होने पर मिनीमाता बांगो बांध माचाडोली एवं हसदेव बॅराज दर्री से नदी में पानी प्रवाहित किया जायेगा। कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांध संभाग क्र. 3 माचाडोली ने सर्व साधारण एवं कार्य संबंधितों को सूचित किया है कि उक्त बांध से नीचे, हसदेव नदी के किनारे, बाढ़ क्षेत्र में स्थापित चल–अचल संपत्ति सुरक्षित स्थानों पर ले जायें। बाढ़ क्षेत्र में स्थापित खनिज खदान ठेकेदार, औद्योगिक इकाईयां, संस्थानों आदि को भी सूचित किया गया है, कि वे अपनी परिसंपत्तियो को बाढ़ क्षेत्र से बाहर कर लेवें। कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांध ने कहा है कि अकस्मात बाढ़ से होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति के लिए जल संसाधन विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांध एवं हसदेव बराज जल प्रबंध संभाग को बाढ़ क्षेत्र में आने वाले गांवों में बाढ़ चेतावनी की मुनादी करवाने के भी निर्देश दिए गए हैं।कार्यपालन अभियंता ने बताया कि बाढ़ क्षेत्र में आने वाले संभावित गांवो में बांगो, चर्रा, पोड़ी–उपरोड़ा, कोनकोना, लेपरा, टुनियाकछार, पाथा, गाड़ाघाट, छिनमेर, कछार, कल्मीपारा, सिलयारीपारा, जुनापारा, तिलाईडांड, डुगुपारा, टुंगुमाड़ा, छिर्रापारा, मछलीबाटा, कोरियाघाट, धनगांव, डोंगाघाट, नरमदा, औराकछार, सोनगुड़ा, जेल गांव, झाबू, नवांगांव, तिलसाभाटा, लोतलोता, स्याहीमुड़ी, कोडा, हथमार, झोरा, सिरकीकला आदि शामिल हैं।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत ग्राम कोनकोना में जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर आयोजित

**कोरबा ।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 24 जून को विकासखंड पोंड़ी–उपरोड़ा के ग्राम कोनकोना कलस्टर में सम्मिलित ग्राम आमाटिकरा, हडमोड़, एतमानगर, नवापारा, चर्रा, बांगो, बंजारी, गुरसिया, कोनकोना, धौरामुड़ा, लालपुर, लेपरा, मड़ई, मानिकपुर, दमउकुंडा, बांझीआमा, पचरा, करगामार, अमहवा, पाथा, बोड़ानाला, गाड़ाघाट, पोंड़ीउपरोड़ा, आमाखोखरा, रामपुर, रिगनिया, भुलसीडीह, सलिहाभांठा, अतरौटी, मनोहरा, बाला, सरभोका, तानाखार, बरपाली और ग्राम अमलीभवना के लिए ग्राम कोनकोना में जागरूकता सह लाभ संतृप्ति शिविर आयोजित किया जायेगा।

# जिला पुनरीक्षा समिति की बैठक 25 जून को

**कोरबा ।** मार्गदर्शी बैंक योजना के अन्तर्गत जिला स्तरीय सलाहकार समिति, जिला पुनिरीक्षा समिति की बैठक 25 जून को शाम 4 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है।

# जनदर्शन में दूर–दराज क्षेत्रों से आए लोगों की सुनी गई समस्याएं

## कलेक्टर ने आवेदनों का परीक्षण कर समय सीमा में निराकरण के दिए निर्देश



**कोरबा ।** कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आए आमनागरिको की परेशानियों को सुना। उन्होंने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर समय–सीमा के भीतर शासन के नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में जिले के दूर–दराज क्षेत्रो से आए ग्रामीणों ने एक–एक कर अपनी समस्याएं कलेक्टर को बताई एवं शीघ्रता से समाधान करने निवेदन किया। जनदर्शन में सीसी रोड निर्माण, विद्यालय आंगनबाड़ी भवन स्वीकृति, नौकरी दिलाने, अतिक्रमण हटाने, मुआवजा दिलाने, सीमांकन, खाता विभाजन, रोजगार, उपचार हेतु सहयोग, नक्शा बटांकन, आर्थिक सहायता, पेंशन जैसे परेशानियों के कुल 94 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर आवेदनों का निरीक्षण कर गंभीरता से निराकरण के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरभेले, जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**कोरबा।** टी पी नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में कोरबा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थुलाल यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया ।बैठक में कोरबा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष राठौर ने संचालन करते हुए कहा कि कोरबा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत टी पी नगर एवं बुधवारी मंडल, सीतामणी एवं मुड़ापार मंडल तथा निहारिका एवं मानिकपुर मंडल कांग्रेस का गठन किया जाना चाहिए । इन तीनों मंडल में मंडल अध्यक्ष की नियुक्त कर उन्हें कार्यकारिणी तैयार करने के लिए नियुक्त किया जाना चाहिए जिससे संगठन को और भी मजबूत बनाने में मदद मिलेगा ।

इस अवसर पर नत्थुलाल यादव ने कहा कि कांग्रेस संगठन के सृजन और मजबूती के लिएं शीघ्र ही जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी तैयार किया जावेगा जिसमें कोरबा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अवसर मिलेगा साथ ही कोरबा ब्लॉक कांग्रेस के अंतर्गत तीन मंडल कांग्रेस का गठन किया जावेगा जो कि कांग्रेस संगठन के मजबूती में रीढ़ की हड्डी साबित होगी ।जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं पार्षद मुकेश राठौर ने कहा कि पार्टी के सिद्धांतों और विचारधारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए तभी कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलेगा ।जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वे अपने कर्तव्यों को समझते हुए समर्पित भाव से पार्टी के लिए कार्य करें ।बैठक को पार्षद नारायण कुर्रे, रवि चंदेल, सुकसागर निर्मलकर, सुभाष राठौर, अविनाश बंजारे, पूर्व पार्षद पालूराम साहू, रामगोपाल यादव, विनोद सोनकर, सरवर हुसैन खान, अनवर रजा, मो.शाहिद, गणेश दास, महंत, अरूण यादव ने भी संबोधित करते हुए कांग्रेस संगठन का विस्तार करने अपना सुझाव दिया ।बैठक में मुख्य रूप से राकेश चौहान,सत्यप्रकाश पटेल, गोपाल यादव, सुनील नेताम, आदि उपस्थित थे ।

# रथ यात्रा 27 को

कोरबा । शहर के दादर स्थित जगन्नाथ मंदिर में परंपरागत उत्साह के साथ रथयात्रा का आयोजन 27 जून को होगा।

इस पावन अवसर पर भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे। रथयात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए मौसी मंदिर पहुंचेगी, जहां भगवान 15 दिनों तक प्रवास करेंगे। इसके बाद 5 जुलाई को बाहुड़ा यात्रा के साथ वे अपने मंदिर लौटेंगे। 27 जून को प्रात-8 बजे से पूजन प्रारंभ होगा।दोपहर 1 बजे से भंडारा का आयोजन किया गया है। शाम 4 बजे भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे। नगर भ्रमण करते हुए भगवान मौसी मंदिर पहुंचेंगे, जहां उन्हें उनके प्रिय पकवानों और प्रसाद का भोग अर्पित होगा। 5 जुलाई को बाहुड़ा यात्रा के दौरान भगवान अपनी नगर यात्रा समाप्त कर मंदिर लौटेंगे। भक्तों का विश्वास है कि इस यात्रा में भगवान सभी के दुखों को हरते हैं और सुख–शांति का आशीर्वाद देते हैं।

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए लोगों को किया जाएगा जागरूक



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने मौसमी बीमारियों के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य जागरूकता शिविर और प्रचार अभियान चलाने की बात कही गई। शहरी क्षेत्रों में जलभराव रोकने के लिए ड्रेनेज सफाई अभियान चलाने को कहा गया। किसानों को खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड निर्माण और वय वंदना योजना की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया। पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

**सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त रखने का आदेश**

सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त रखने का आदेश दिया गया। दिव्यांगता जांच शिविर आयोजित करने और जर्जर भवनों में कक्षा संचालन रोकने को कहा गया। स्थानांतरण आवेदनों को निष्पक्ष रूप से निपटाने के निर्देश दिए गए।

**अवैध खनन पर निगरानी रखने के निर्देश**

जल जीवन मिशन की पाइपलाइन मरम्मत, बिजली आपूर्ति की समस्याओं का समाधान और अवैध खनन पर निगरानी रखने को कहा गया। कचरा पृथक संग्रहण और सरकारी कार्यालयों में नियमित स्वच्छता पर जोर दिया गया।

कुपोषण से लड़ने के लिए अभियान चलाकर जरूरतमंद बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्रों से जोड़ने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# नारायणी महिला समिति ने रानी सती दादीजी का मंगलपाठ कर पूजा की



**शिवरीनारायण।** नारायणी महिला समिति द्वारा बिलासपुर रोड स्थित शिखा संतोष अग्रवाल के निवास पर कुलदेवी रानीसती दादीजी का मंगल पाठ बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में समिति की सभी सदस्य पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर उपस्थित हुईं और मंगल पाठ के दौरान भक्ति भाव से दादीजी की आराधना की। समिति की ओर से आयोजित इस धार्मिक आयोजन में महिलाओं ने सामूहिक रूप से मंगल पाठ का पाठ किया।

पूजा स्थल को सुंदर पुष्पों, नारियल, केले, आम, दीपक और पूजा सामग्री से सजाया गया था। आरती एवं पुष्पाजली के दौरान सभी ने एक स्वर में मंगलकामनाएं की। मंगल पाठ के समापन पर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने समाज में एकता, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। समिति की ओर से शिखा अग्रवाल का आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर समिति की सदस्य शिखा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, मीरा शर्मा, सरीता मोदी, ममता मोदी, आशा मुकीम, अर्चना शर्मा, शशी सिघानियां, पिकी शर्मा, अनिता मोदी, सरोज मोदी, रेखा केडिया, डिम्पल सोनी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# खेती को लाभ का सौदा बनाने की तैयारी





**जांजगीर-चांपा।** मौसम के साथ न देने, खाद और बीज की कमी होने, कृषि संबंधी संसाधन महंगे होने या कीट-रोग का प्रकोप होने से किसानों को खेती में अक्सर नुकसान का सामना करना पड़ता है। लेकिन जांजगीर के राहौद निवासी किसान परम कुर्रे ऐसे किसान हैं, जिन्होंने परंपरागत खेती व आधुनिक तकनीक का ऐसा सिस्टम बनाया कि 12 एकड़ से सालाना 30 लाख रुपए तक आय हो रही है।

परम ने बताया, 8 साल पहले मैं धान की खेती किया करता था। उसमें लागत तो अधिक थी और आय कम। इसलिए जैविक पद्धति से सब्जियां उगाने का फैसला लिया। मेरे पास दो देशी गायें थी, तो घर में ही गोबर गैस का प्लांट लगा लिया। इससे घर में खाना बनाने के लिए फ्री गैस मिलने लगी।

इससे जो स्लरी निकलती है, वह खेतों में खाद के रूप में काम आने लगी। जब ज्यादा गोबर की जरूरत पड़ी तो सरकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए मैंने गिर और जर्सी नस्ल की गायें खरीदी। उनके आहार के लिए आधा एकड़ में नेपियर घास उगाई।

परम ने बताया कि नेपियर घास और सब्जी की खरपतवार हरे चारे के रूप में मवेशियों के काम आई। इससे प्रतिदिन 70 लीटर दूध मिलने लगा, जिससे एक लाख रुपए प्रतिमाह इनकम होने लगी। बायो गैस प्लांट में गोबर खाद और गैस ज्यादा बनने लगी।

सब्जी और दूध से सालाना 12-12 लाख, धान से 4 लाख, खीरा और ककड़ी से 2 लाख को मिलाकर अब कुल 30 लाख रुपए सालाना इनकम होने लगी है। अब मैं गोबर से ही बिजली बनाने की तैयारी कर रहा हूं। इसके लिए सरकारी कार्यालयों में योजनाओं की जानकारी जुटा रहा हूं, ताकि कम खर्च में प्लांट स्थापित कर सकूं।

हालांकि शुरुआती चरण में मैं गोबर से केवल अपने घर के उपयोग लायक बिजली तैयार करना चाहता हूं। इसमें सफल रहने के बाद विस्तार करूंगा। परम का कहना है, खेत के आधा एकड़ हिस्से में मैंने तालाब बनाकर मछली पालन भी शुरू किया है।

परम ने बताया कि मैं क्षेत्र में पहला ऐसा किसान हूं जो खेत में लगी फसल पर दवा का छिड़काव ड्रोन से कर रहा हूं। पारंपरिक तरीके से दवा के छिड़काव में पूरा दिन लग जाता है। जबकि ड्रोन से दवा का छिड़काव करो तो 7 से 8 मिनट ही लगते हैं।

धान व सब्जी में कीट से फैलने वाली कई बीमारियां ऐसी हैं, जो 24 घंटे में ही फसल को काफी नुकसान पहुंचा देती हैं। ऐसे में ड्रोन के उपयोग से दवा का छिड़काव कर फसल को इस नुकसान से बचा सकते हैं।

## जमीन विवाद में फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

**देवरी।** भेलवाघाटी थाना पुलिस ने जमीन विवाद में हुई मारपीट के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी थानेदार बुद्धिनाथ मार्डी ने बताया कि यह कार्रवाई भेलवाघाटी थाना कांड संख्या 19/20 के तहत की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपी दुलोरी टोला मोगलाजोर के रहने वाले हैं।

# ठेका कंपनी ने जल जीवन मिशन का काम बंद किया, एमडी ने कहा-पेनल्टी लगाइए

**रायगढ़।** पानी की कमी से जूझ रहे 54 गांवों में पानी पहुंचाने के लिए आंध्रप्रदेश के कावेरी इंजीनियरिंग द्वारा काम लिया गया है। लेकिन उसने काम शुरू करने के बाद काम बंद कर दिया है। काम में प्रोग्रेस नहीं होने के कारण जल जीवन मिशन के संचालक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए मिशन के उप संचालक को उसके कार्यों की जांच करने व पेनाल्टी लगाने का निर्देश दिया है। साथ ही अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित को काम रद्द करने के लिए नोटिस देने कहा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत जिले के सभी घरों में साफ पेयजल पहुंचाना है। लेकिन जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों की गति धीमी है।

कार्यों की मॉनिटरिंग करने के लिए मिशन के संचालक जितेंद्र कुमार शुक्ला सोमवार को रायगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने सृजन सभा कक्ष में पीएचई के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। तमनार ब्लॉक के 54 गांवों में समूह जल प्रदाय योजना के तहत पानी पहुंचाने के लिए महानदी में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा है। यह काम आंध्रप्रदेश की कंपनी कावेरी इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है।

उसने काम शुरू किया है, लेकिन काम को लेकर वह गंभीर नहीं है। इसलिए अपेक्षित प्रगति नहीं आई है। इसके कारण यह काम समय पर पूरा होगा इसकी संभावना खत्म हो गई है। यह काम पूरा नहीं होने पर 54 गांवों के लोगों को आने वाली गर्मी में भी पानी नहीं मिलेगा। इसे मिशन संचालक ने गंभीरता से लेते हुए कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ सख्ती का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी अधिकारी व एजेंसीज को आगामी 31 मार्च 26 तक हर घर जल पहुंचाने के कार्यों को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

## उर्दना के पुलिस फायरिंग रेंज में 500 से ज्यादा छायादार व फलदार पौधे रोपे

**रायगढ़।** रायगढ़ पुलिस ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरक पहल करते हुए ग्राम उर्दना स्थित जिला पुलिस की फायरिंग रेंज में वृक्षारोपण अभियान प्रारंभ किया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान के तहत अब तक 500 से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं, जिनमें छायादार और फलदार दोनों प्रकार के पौधे शामिल हैं। जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को भी निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों की रिक्त भूमि पर अधिकाधिक पौधे लगाएं।

# सीएम हाउस में पोस्टेड हूं बोलकर नौकरी लगाने 50 लाख ठगे

**बिलासपुर।** सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर दुर्ग और अंबिकापुर के 2 लोगों ने 6 बेरोजगारों से 50 लाख रुपए वसूल लिए। आरोपियों ने सीएम हाउस में पोस्टिंग और पहुंच होने का दावा किया था, जिसके चलते बेरोजगार युवक-युवती उनके झांसे में आ गए।

करीब एक साल बाद ठगों ने उन्हें सहायक अभियंता का फर्जी नियुक्ति आदेश भी थमा दिया। अब इस मामले में उन्होंने पुलिस से शिकायत की है, जिस पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

तोरवा थाना क्षेत्र के हेमूनगर में रहने वाली मोनिषा सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका परिचय सुरेश साहू और खिलेश्वरी साहू के माध्यम से दुर्ग में रहने वाली प्रिया देशमुख और अंबिकापुर में रहने वाले रजत गुप्ता से हुआ था। प्रिया स्वास्थ्य विभाग में कर्मचारी है। जबकि, अंबिकापुर के रजत ने खुद को सीएम हाउस में पदस्थ होने का दावा किया था। दोनों ने उन्हें सरकारी नौकरी लगाने का झांसा दिया था।

शिकायत में बताया गया कि प्रिया और रजत ने मिलकर मोनिषा के साथ ही उसके परिचित के संतोष कुमार, गौतम बाई, आकाश शर्मा, ज्योतिष, श्यामादेवी को लैब परिचारक, भृत्य और सीएसईबी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर अलग-अलग किश्तों में 50 लाख रुपए की वसूली कर ली।


## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड

क्र. कायंको/विज्ञा./क्रय/927 — कोरबा, दिनांक : 23.06.2025

**"आवश्यक सूचना"**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नव निर्मित 33 के.व्ही. लाईन जिसकी लम्बाई 25.00 कि.मी. है। यह लाईन 132/33 के.व्ही. भिलाई बाजार, केसला, हरदीकला, गंगदई (पखनापारा), बिरदा, सरईसिंगार, चैनपुर, कथरीमाल एवं कनकी गांवों से होकर गुजर रही है। उक्त नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन से कुल 24 गांवों को लाभ पहुंच रहा है। उक्त नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उक्त लाईन को दिनांक 25.06.2025 के बाद कभी भी उर्जीकृत किया जा सकता है। अतः नवनिर्मित 33 के.व्ही. लाईन के तार, स्टे, खम्भे आदि से सुरक्षित दूरी बनाये रखे एवं छेड़छाड़ न करें। इस लाईन से किसी भी प्रकार की दुर्घटना हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड की किसी भी प्रकार की जवाबदारी नहीं होगी।

विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीयकृत कॉल सेन्टर के फोन नम्बर 1912 पर दर्ज करायें।

कार्यपालन अभियंता (सं./सं.)
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि. कोरबा

S-44294/2


## नाबालिग को भगाने पर आदिवासी समाज के लोगों में आक्रोश

**देवरी।** देवरी भेलवाघाटी थाना क्षेत्र के एक गांव की आदिवासी समाज की नाबालिग युवती को दूसरे समाज के युवक द्वारा भगाने के मामले में समाज में आक्रोश है। इसको लेकर सोमवार को फुटका में समाज के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में तय किया गया कि 26 जून, गुरुवार को इस मामले को लेकर वृहद स्तर पर बैठक की जाएगी। इसमें ठोस निर्णय लिया जाएगा। पुलिस प्रशासन से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की गई।


## CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.

(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No.15-06/S&P/EE-IV/Boiler/P/W/TN-94/25/1883 — Marwa, dtd.20-06-2025

**NOTICE INVITING E-TENDER NO TN-94/2025: -**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for supply and works as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

| S. No | Tender Specification No. | RFx No. (E-Tender No.) | Particulars | Last Date/Time of submission of bid. | Tender Fee | EMD |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 15-06/S&P/ EE-IV/ Boiler/P/ T-157/25 | 8100043789 | Supply of Journal Head Liner Assembly of Coal Mill XRP 1003 at ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 15.07.2025 15:30 Hrs | Rs.590/- (Rs.500/- + GST @18%) | Rs. 14,300/- |
| 2. | 15-06/S&P/ EE-IV/ Boiler /W/ T-158/25 | 8100043791 | Supply and application of Rock Wool Insulation with Aluminum Sheet for Boiler & Turbine area of both units # 01 & 02 at ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 15.07.2025 15:30 Hrs | Rs.590/- (Rs.500/- + GST @18%) | Rs. 14,950/- |
| 3. | 15-06/S&P/ EE-IV/ Boiler /W/ T-159/25 | 8100043792 | Work contract for ID fan, FD and PA fan motor hoist dismantling (old hoist) & erection of new hoist and assistance in commissioning of hoist at ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 16.07.2025 15:30 Hrs | Rs.590/- (Rs.500/- + GST @18%) | Rs. 14,950/- |
| 4. | 15-06/S&P/ EE-IV/ Boiler /W/ T-161/25 | 8100043983 | Supply and Application of Plastic Refractory during AOH of Boiler at ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 16.07.2025 15:30 Hrs | Rs.590/- (Rs.500/- + GST @18%) | Rs. 10,950/- |
| 5. | 15-06/S&P/ EE-IV/ Boiler /P/ T-162/25 | 8100043984 | Supply of MS Chequered Plate 08 mm for strengthening of duct at ABVTPS, CSPGCL, Janjgir -Champa. | 15.07.2025 15:30 Hrs | Rs.590/- (Rs.500/- + GST @18%) | Rs. 13,850/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

Superintending Engineer (Contract)
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P) ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION //

S- 44296/3


# फिट रहो,हिट रहो: ओलंपिक दिवस पर हुई सद्भावना दौड़

**खोखरा की ऋतु व पामगढ़ के चंद्र प्रकाश रहे अव्वल**

**खेल प्रशिक्षकों, समाज सेवियों और खिलाड़ियों को जिला ओलंपिक संघ ने किया सम्मानित**






**जांजगीर चांपा।** जिला ओलंपिक संघ जांजगीर चाम्पा द्वारा गत 23 जून सोमवार विश्व ओलंपिक दिवस पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य, अंबेश जांगड़े भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती रेखा देवा गढेवाल नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा गुलाब सिंह चंदेल,मोहन यादव नगर पालिका उपाध्यक्ष के विशिष्ठ आतिथ्य में ओलम्पिक दौड़ एवं वरिष्ठ खेल प्रशिक्षकों, नेशनल खिलाड़ियों एवं ओलंपिक दौड़ में टॉप टेन आने वाले महिला पुरूष धावकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया । अतिथियों सहित जिला ओलंपिक संघ के कार्यकारिणी अध्यक्ष अमर सुल्तानिया, अध्यक्ष हितेश यादव सचिव जितेंद्र तिवारी संयोजक गोपेश्वर कहरा की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर दौड़ रवाना की गई ।

दौड़ का रूट चार्ट स्टार्टिंग पाइंट हाईस्कूल मैदान से कचहरी चौक में धावक पिंक कार्ड लेकर फिर नेताजी चौक में धावक यलो कार्ड लेंगे फिर फिनिश पॉइंट बिसाहू दास महंत बालोद्यान में कुल दौड़ 3 किलोमीटर कीदौड़ में फिनिश पॉइंट पर आयोजन कमेटी द्वारा टॉप टेन महिला एवं टॉप टेन पुरूष धावकों का चयन किया गया।

**ये खिलाड़ी हुए सम्मानित**

हॉकी में रितेश बर्मन ,हिमेश सूर्यवंशी , राहुल यादव ,प्रियांशु गढ़वाल ,युवराज कहरा,शालू ढीमर , मंजू ढीमर,श्वेता सूर्यवंशी,रितु सूर्यवंशी,हेमलता साहू बास्केटबॉल से आरना शुक्ला, योगिता रजक,आराध्या सिंह,ध्रुव यादव ,आयुष सिंह,नितिन यादव,यश यादव, शिवांग यादव,अग्रिमा साहू , स्वर्णिम साहू हैंडबॉल में प्रहलाद कुम्हार , विमल राठौर , गौरव साहू ,जीतेश पटेल , दीपेश पटेल ,जय साहू ,मनीषा ,सरला ,पायल,अंशू रानी तलवार बाजी में तमन्ना यादव , अवनी यादव,युक्ति , अनमोल यादव,हिमांशु यादव ,ऋषि चौहान ,टिकेश्वर रात्रे . सक्षम केवट , नूतन कॉंवर ईशान सिंह कराते के उत्कृष्ट खिलाड़ीअन्वीक्षा तिवारी , विशु वर्मा , तमन्ना राठौर , आहना शर्मा , आरना शुक्ला , लीजा महंत,भूमिका जोगी ,पुरवांस यादव हिमांशु पटेल ,वैभवी शिशोदिया फेंसिंग के उत्कृष्ट खिलाड़ी मधु विश्वकर्मा ,निशी धीवर ,हार्दिक राठौर,सागर साहू , स्पर्श थवाईत ,गजेंद्र आदित्य,मलिना कमल सांडे ,लक्ष्य थवाईत ,अवनी नाग,आभास पटेल रग्बी फुटबॉल के क्षेत्र में उत्कृष्ट खिलाड़ी सुमित भैना , नवीन कुमार ,पारस कुमार,राहुल कुमार,शिफाली चौहान,साधना कैवत्य,बबीता महंत,खुशबू ,रीना कश्यप,कृतिका आदित्य ,निशा साहू जिला क्रिकेट एसोसिएशन आदित्य कुमार यादव,रोहन सूर्यवंशी, आयुष राठौर,अंश, आकाश धर दीवान ,भौमिक गोपाल ,मोहम्मद असद,अक्षत अग्रवाल ,. सलमान खान,अभय अतुल कुमार साहूकार,भगत राम कश्यप।

वॉलीबॉल खिलाड़ी रुद्रांश राठौड़ ,विकाश राठौड़,हर्ष राठौड़ ,साहिल राठौड़ कुणाल राठौड़ इंटर यूनिवर्सिटी (राष्ट्रीय) प्रत्यूष देव नेमी,यश सिंह ,सिद्धार्थ राठौड़ ,अमन राठौड़ ,सागर राठौड़ वरिष्ठ खिलाड़ी भीम श्रीवाश,गोलू राठौड़ यूनिवर्सिटी फुटबॉल के खिलाड़ी सुमित यादव,विक्की कहरा,पीयूष वैष्णव,यमन कैवर्त्य (पकरिया),आयुष बनर्जीफुटबॉल के खिलाड़ी आदर्श दरियाना,लिलेश,कुणाल खांडे,अमन (पकरिया) वरिष्ठ खिलाड़ी राजा श्रीवास,राहुल भवानी सम्मानित हुए

## टॉप टेन धावक पुरस्कृत

ओलंपिक दौड़ ने बालक वर्ग में क्रमशः प्रथम से दसवें स्थान पर पामगढ़ के चंद्रप्रकाश, अरुण कश्यप,दिनेश कश्यप,छोटेलाल,अविनाश,पीयूष,राहुल यादव, ग्रियांश यादव, रितेश वर्मन, विनय एवं बालिका वर्ग में रितु सूर्यवंशी खोखरा,प्रिया कुर्रे सेमरा, अदिति साहू मुड़पार, अंशुरानी बंजारे सेमरा,करिश्मा सूर्यवंशी खोखरा,जांजगीर से आराध्या सिंह, आरना शुक्ला, अहाना शर्मा, शारदा पटेल,श्रद्धा सूर्यवंशी एक से दसवें स्थान पर रहे । सभी को मेडल, कैश एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया ।

**ये वरिष्ठ खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक हुए सम्मानित**

आर बी कैवर्त्य एन, आई. एस. खेल विभूति , अजय केशरवानी बैडमिंटन कृष्णा गढ़वाल हॉकी, भीम श्रीवास वॉलीवाल,पुष्कर दिनकर मलखंभ,अमिता श्रीवास पर्वतारोहण ,प्रभात जांगड़े सहा. कोच ब्रजेश अग्रग्रवाल

**ये समाज सेवी हुए सम्मानित**

भीमा तालाब मॉर्निंग वाक ग्रुप,राजू पालिवाल धर्मसेवा संस्थान,आशीष राठौर कचहरी चौक का राजा,अनुराग शुक्ला स्नेक मेन का सम्मान किया गया ।

## खेल से हम अनुशासन एवं सद्भाव सीखते हैं - अम्बेश

पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अम्बेश जांगड़े ने कहा कि खेल से हम अनुशासन एवं सद्भाव सीखते हैं। एसपी विजय पांडेय ने स्लोगन दिया कि फिट रहो हिट रहो । पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल ने खेलों की महता पर चर्चा की । जिला भाजपा उपाध्यक्ष अमर सुलतानिया ने कहा कि खिलाड़ियों को जिला संघ द्वारा प्रोत्साहित किया जाता रहेगा । नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा गड़वाल ने भी संबोधित किया इससे पहले स्वागत उद्बोधन जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हितेश यादव एवं आभार ज्ञापन सचिव जितेंद्र तिवारी ने किया । संचालन व्याख्याता दीपक कुमार यादव ने किया।इस अवसर परसीएसपी कविता ठाकुर,सिटी कोतवाली प्रभारी प्रवीण द्विवेदी,जिला संयोजक गोपेश्वर कहरा, संयुक्त सचिव वरुण पाण्डेय, क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष राजीव ठाकुर, नेटबॉल संघ के राजेश राठौर हॉंकी संघ के राकेश गढेवाल,कराते संघ के वरुण पाण्डेय,शिक्षा विभाग के जिला खेल अधिकारी प्रेमलाल पाण्डेय, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के एस एस बघेल,तैराकी संघ के अखिलेश कौशिक,विजय सिंघानिया,डॉ विश्वास विश्वकर्मा,चन्द्र शेखर महतो, अशोक साहू,फेंसिंग तलवारबाजी संघ के रूखमणी रानू, मधु विश्वकर्मा, हैंडबॉल संघ के नरेंद्र राठौर, फुटबॉल संघ के अमितेश राठौर, रमेश सोनवानी, शतरंज संघ के देवेंद्र राठौर ,बैडमिंटन संघ से बृजेश अग्रवाल,हैंडबॉल संघ के गौरव कटकवार, गौरव साहू, बॉलीबाल संघ के भीम प्रसाद श्रीवास, रग्बी संघ के चंद्रशेखर महतो सहित विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अनमोल वचन......

**अपने शब्दों को निर्मल और पवित्र रखें क्योंकि संभव है कल इन्हें आपको वापिस लेना पड़े....**

# आतंकवाद समूची दुनिया के लिए जबरदस्त चुनौती

*यूरोप के दौरे पर गए वित्त मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को चेताया है कि भारत को आतंकवादी हमलों के जरिए उकसाया गया तो हम पाकिस्तान के भीतर जाकर हमला करने में हिचकि चाएंगे नहीं। यूरोपीय संघ के उच्चस्तरीय व्यापार संवादों में भाग लेते हुए उन्होंने ब्रसेल्स में एक सवाल के जवाब में कहा कि उन्हें संदेश है कि अप्रैल जैसी बर्बर हरकत को जारी रखा गया तो जवाबी कार्रवाई का सामना करना होगा जो आतंकवादी संगठनों व आतंकवादी नेतृत्व के खिलाफ होगी। जयशंकर ने कहा, हमें परवाह नहीं कि वे कहां हैं। अगर वे पाकिस्तान के भीतर हैं तो हम पाकिस्तान में अंदर तक जाएंगे। उन्होंने पड़ोसी दुश्मन मुल्क में आतंकियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण और उनके भारत में घुसपैठ करने पर कड़ी कार्रवाई की बात भी दोहराई।*

*उन्होंने भारतीय एयर स्ट्राइक से हुई पाकिस्तान को क्षति के आरोपों का भी अपने अंदाज में करारा जवाब दिया। कहा कि सबूत तो वही एयर फील्ड हैं, जो अब काम नहीं कर रहे। पाकिस्तान की हवाई पट्टियों को नुकसान को गूगल सैटेलाइट से देखने की सलाह भी दे डाली। बेशक, भारत के ऑपरेशन सिंदूर को सारी दुनिया ने देखा जब 6-7 मई की दरमियानी रात भारतीय सशस्त्र बलों ने दुश्मन देश के भीतर घुस कर पच्चीस मिनट में नौ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया था। इनमें से पांच तो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में ही थे। जयशंकर ने भारत का रुख स्पष्ट करते हुए विदेशी मीडिया को साफ संकेत दिया कि पाकिस्तानी वायु सेना को भारतीय लड़ाकू विमानों व मिसाइलों ने जबरदस्त क्षति पहुंचाई। अल्पभाषी जयशंकर स्पष्ट और सटीक बात करने के मामले में अपने समकालीन राजनेताओं से बिल्कुल भिन्न हैं। जैसा कि उन्होंने विदेशी मीडिया के समक्ष न सिर्फ भारत का रुख स्पष्ट किया बल्कि उन संदेहों को भी साफ किया जो पाकिस्तान जानबूझकर फैला रहा है। दोनों मुल्कों के दरम्यान हुए युद्ध विराम व तमाम आरोपों-प्रत्यारोपों के बावजूद दुनिया की महाशक्तियों के समक्ष भारत सरकार ने नये प्रतिमान गढ़ने का अपना इरादा डंके की चोट पर प्रदर्शित ही नहीं किया बल्कि देश की सुरक्षा और अपने नागरिकों की हत्या के खिलाफ की कड़ी कार्रवाई को न्यायोचित ठहराने में कोई कोताही भी नहीं कर रहा है। आतंकवाद समूची दुनिया के लिए जबरदस्त चुनौती है जिसके प्रति कोई भी सहिष्णुता दर्शाने को राजी नहीं है। पाकिस्तान के प्रति सहानुभूति रखने वाले भी इस मुद्दे पर बगले झांकते नजर आते हैं।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपका मित्र आपसे मिलने आपके घर आ सकता है, जिसे सामने देखकर आपको यकीन नहीं होगा, मित्र से कुछ निजी समस्याओं पर बात करके आपको हल्का महसूस होगा। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए दिन बढ़िया होने वाला है, आपको अच्छा फायदा होने के योग हैं।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिंग में पूरी मेहनत करेंगे। कोरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा होगा। आज विद्यार्थी प्रैक्टिकल को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। परिवार में सुख संतोष बढ़ेगा, स्वास्थ्य आज पहले से बेहतर रहेगा। न

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में आपकी तारीफ होगी और आपके काम करने की स्किल को सराहना मिलेगी। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढ़िया साबित होंगे। आज आपको किसी काम को करने के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्र तैयारी जारी रखेंगे। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा।

**कन्या राशिः** आज आप अपने दिन की शुरुआत किसी गरीब की मदद करके करेंगे। आज आपके घर में कोई धार्मिक अनुष्ठान होने से घर में भक्ति भावना का माहौल बना रहेगा। पारिवारिक रिश्तों में हो रही गलतफहमियां आज दूर होंगी। स्किन प्रॉब्लम से परेशान लोग आज अच्छे डॉक्टर से सलाह लेंगे। बिजनेस पार्टनर के साथ किसी विदेश की यात्रा का योग बन रहा है।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलैक्स से भरा होगा। आप दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। अधिकारियों और निचले वर्ग के लोगों से भी समय-समय पर मदद मिलेगी।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, आपको खुशी होगी। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे। आज आप अपने कामों में जल्दबाजी दिखाने से बचेंगे तो आप आगे आने वाली किसी समस्या से बच जायेंगे।

**धनु राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे, पारिवारिक प्रेम बढ़ेगा। आज शांत मन से किसी काम को करेंगें तो जल्द ही पूरा हो जाएगा। कोई पारिवारिक निर्णय लेने से पहले घर के बड़े बुजुर्ग की राय जरूर लें।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज किसी काम में आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है, इसलिए शाम को थकान रहेगी। आज कार्य स्थल पर आपकी मुलाकात ऐसे व्यक्ति से होगी जिससे मिलकर आपको अच्छा लगेगा।

**कुम्भ राशिः** आज आपका दिन लकी रहेगा 7 कुछ मामलों में मेहनत ज्यादा रहेगी और नतीजा कम लाभ वाला मिलेगा। ऑफिस में कोई नया काम भी सामने आ सकता है। उस नए काम को बहुत अच्छी तरह करने का प्रयास करेंगे। आज आपको धन लाभ होने के योग बन रहे हैं।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा हो सकता है। आज आपके जीवन में कुछ बदलाव आ सकते हैं जो आपके लिए बढ़िया साबित होंगे। आज आपको किसी काम को करने के लिये ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आज माता-पिता के आशीर्वाद से किये गये कार्यों में आपको सफलता मिलेगी।

# अतुल्य भारत, अजेय भारतः मोदी युग ने पर्यटन को कैसे नया स्वरुप दिया

**//गजेंद्र सिंह शेखावत//**

**पिछले दशक में, भारत की पवित्र भूमि को सिर्फ़ देखा ही नहीं गया है – बल्कि इसे फिर से खोजा गया है। पहाड़ अब सिर्फ़ परिदृश्य नहीं रह गए हैं, वे जीवित अभयारण्य हैं। केदारनाथ और बद्रीनाथ के बर्फ से ढके मंदिरों से लेकर बोधगया की ध्यानपूर्ण शांति और सारनाथ की सुनहरी नीरवता तक, भारत की आध्यात्मिक आत्मा ने एक-एक तीर्थयात्री की भावना को उद्वेलित किया है। इस युग में पर्यटन, विवरण पुस्तिका (ब्रोशर) के ज़रिए नहीं, बल्कि भक्ति, स्मृति और फिर से जुड़ने की सभ्यतागत प्रेरणा के ज़रिए तैयार किया गया था।**

2014 और 2024 के बीच, इस आध्यात्मिक जागृति ने देश के सांस्कृतिक मानचित्र को नया स्वरुप दिया। केदारनाथ, जो कभी त्रासदी का प्रतीक था, फ़ीनिक्स की तरह उभरा - 2024 में यहां 16 लाख से ज़्यादा तीर्थयात्री आये, जबकि एक दशक पहले यह संख्या केवल 40,000 थी। उज्जैन को महाकाल के शहर के रूप में पुनर्जीवित किया गया, इसने 2024 में 7.32 करोड़ आगंतुकों का स्वागत किया। प्रकाश और पवित्रता में पुनर्जन्म लेने वाली काशी ने 11 करोड़ लोगों को अपनी पवित्र गलियों में भ्रमण करते देखा। बोधगया और सारनाथ की गूंज कई महाद्वीपों में सुनायी दी, दोनों तीर्थस्थलों ने 2023 में 30 लाख से ज़्यादा साधकों को आकर्षित किया।

और फिर एक ऐसा क्षण आया, जो आंकड़ों से पार चला गया – जनवरी 2024 में अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा। यह कोई उद्घाटन नहीं था; यह सभ्यता की धड़कन का जीर्णोद्धार था। महज छह महीनों में, 11 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं का आगमन हुआ –न सिर्फ देखने के लिए, बल्कि इससे जुड़ने के लिए। लगभग इतना ही ऐतिहासिक था, महाकुंभ 2025, जो दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम था, जिसमें 65 करोड़ से ज्यादा तीर्थयात्री आस्था और उत्कृष्टता के संगम पर पहुंचे। अयोध्या और प्रयागराज, साथ मिलकर, भारत के आध्यात्मिक पुनर्जागरण के दो प्रकाश स्तंभ बन गए।

यह पर्यटन नहीं था–यह घर वापसी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस वापसी को आकार, अवसंरचना और आत्मा दी गई। अब पर्यटन एक जांच सूची (चेकलिस्ट)-संचालित उद्योग नहीं रहा, बल्कि पवित्र 'स्व' को फिर से खोजने का एक राष्ट्रीय मिशन बन गया। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी मंत्र - भारत में विवाह करें, भारत की यात्रा करें, भारत में निवेश करें - ने पर्यटन को एक सांस्कृतिक आह्वान में बदल दिया। मोदी सरकार ने प्रारंभ से ही पर्यटन को राष्ट्रीय पुनरुत्थान की ताकत के रूप में देखा है। स्वदेश दर्शन और इसके उन्नत रूप, स्वदेश दर्शन 2.0 के माध्यम से, पर्यटन मंत्रालय ने रामायण, बौद्ध, तटीय और आदिवासी जैसे विषयगत सर्किट के तहत 110 परियोजनाएँ विकसित कीं। 2014-15 में शुरू की गई मूल योजना में कुल 5,287.90 करोड़ रूपये की लागत से 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। स्वदेश दर्शन 2.0 में, स्थाई गंतव्यों को विकसित करने के लिए 2,106.44 करोड़ रूपये के साथ 52 परियोजनाएँ जोड़ीं गईं।चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) उप-योजना के तहत, 623.13 करोड़ रूपये की 36 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, जबकि एसएएससीआई योजना के अंतर्गत राज्य के नेतृत्व में पर्यटन अवसंरचना के विस्तार के लिए 3,295.76 करोड़ रूपये की 40 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गयी। इसके साथ ही, प्रसाद योजना के जरिये उन्नत सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता के साथ 100 तीर्थ शहरों को पुनर्जीवित किया गया। इन प्रयासों से भारत में 2023 में 250 करोड़ से अधिक घरेलू पर्यटकों की यात्रा दर्ज की गयी - जो अब तक का सबसे अधिक है।

2024-25 के केंद्रीय बजट में एक ऐतिहासिक घोषणा के तहत 50 पर्यटन स्थलों को विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया, उन्हें निवेश और वित्तपोषण को आसान बनाने के लिए अवसंरचना सामंजस्य मास्टर सूची (आईएचएमएल) में जोड़ा गया।

पुनरुद्धार केवल पवित्र स्थानों तक सीमित नहीं था। 2018 में अनावरण की गई स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, देश के सबसे अधिक देखे जाने वाले स्मारकों में से एक बन गई, जिसे 2023 में 50 लाख से अधिक आगंतुक देखने आये। इसके चारों ओर इको-टूरिज्म पार्क, टेंट सिटी और आदिवासी संग्रहालय विकसित हुए हैं - जो सम्मान को अवसर में बदल रहे हैं।

भारत का सभ्यतागत आत्मविश्वास इसकी कूटनीति में परिलक्षित होने लगा। फ्रांस, जापान, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया के राजनेताओं का, न केवल दिल्ली में, बल्कि वाराणसी, उदयपुर, अयोध्या और महाबलीपुरम में भी स्वागत हुआ। सॉफ्ट पावर अब सॉफ्ट नहीं रही - यह 3डी अनुभव हो गयी। रिवर क्रूज़, दीपोत्सव, आध्यात्मिक भ्रमण और सांस्कृतिक प्रदर्शन ने राजकौशल को आत्मा के शिल्प में बदल दिया।

इस बीच, अतुल्य भारत 2.0 ने देश को स्मारकों की भूमि से बदलकर बदलाव की भूमि बना दिया। ऋषिकेश में योग, केरल में आयुर्वेद, पूर्वोत्तर में जनजातीय त्योहार और कच्छ में शिल्प ने पर्यटन इकोसिस्टम को जीवंत व विशिष्ट स्थान प्रदान किया। विपणन को अब स्मृति से अलग करना मुश्किल था।

इस क्षेत्र की आर्थिक स्थिति भी बहुत प्रभावशाली रही। अप्रैल 2000 से दिसंबर 2023 के बीच, भारत ने पर्यटन में 18 बिलियन डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित किया। प्रमुख आतिथ्य अवसंरचना परियोजनाओं में 2014-22 के दौरान 9 बिलियन डॉलर का निवेश हुआ। केवल 2023 में, भारत ने 9.52 मिलियन विदेशी पर्यटकों के साथ 2.31 लाख करोड़ रूपये (28.7 बिलियन डॉलर) की विदेशी मुद्रा अर्जित की, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में 47.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। इस क्षेत्र ने 2023-24 में 84.63 मिलियन नौकरियों का सृजन किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.46 मिलियन अधिक थीं - इस प्रकार पर्यटन क्षेत्र भारत के विकास और रोज़गार की आधारशिला के रूप में उभरा।

पर्यटन एक संपूर्ण आयाम वाले मिशन के रूप में विकसित हुआ। 'एक विरासत अपनाएँ' योजना के तहत प्रमुख स्थलों का कॉर्पोरेट प्रबंधन शुरू हुआ, जबकि उड़ान योजना ने शिरडी, जीरो और मिनिकॉय जैसे दूर-दराज के स्थानों को हवाई मार्ग से जोड़ा। राष्ट्रीय डिजिटल पर्यटन मिशन ने टिकट बुकिंग, डेटा और यात्रा कार्यक्रमों का एक एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म में एकीकरण करना शुरू किया।

पूर्वोत्तर- जो कभी उपेक्षित था- मुकुट के एक र प्रतिशत के रूप में उभरा। एक्ट ईस्ट नीति और अवसंरचना पर विशेष ध्यान की वजह से अरुणाचल, सिक्किम और मेघालय जैसे राज्यों में पर्यटकों का आगमन 2014 और 2022 के बीच दोगुना हो गया। जीवंत गांव कार्यक्रम ने किबिथु और माना जैसे दूरदराज के इलाकों को ऐसे गंतव्यों में बदल दिया, जहाँ देशभक्ति का मिलन प्रकृति और विरासत से होता है। पर्यटन का विचार भी आकांक्षापूर्ण हो गया। भारत में विवाह, राजस्थान और गोवा जैसे विवाह केंद्रों के लिए प्रोत्साहन, अभियान और अवसंरचना के समर्थन में तब्दील हो गया। इस बीच, चिकित्सा और कल्याण पर्यटन के लिए 2022 में 6 लाख से अधिक विदेशी मरीज आये, जिससे भारत दुनिया के अग्रणी उपचार स्थलों में से एक बन गया।2023 में भारत की जी-20 अध्यक्षता, सांस्कृतिक कूटनीति का एक उत्कृष्ट प्रदर्शन था।

दिल्ली तक सीमित रहने के बजाय, खजुराहो से कुमारकोम तक 60 से अधिक गंतव्यों में वैश्विक कार्यक्रमों की मेजबानी हुई, जिनमें से प्रत्येक को स्थानीय कला, खान-पान और विरासत के साथ तैयार किया गया था। दुनिया भारत के साथ सिर्फ़ संवाद नहीं कर रही थी - बल्कि इसे अनुभव भी कर रही थी। लेकिन आंकड़ों के पीछे, असली परिवर्तन आध्यात्मिक था। भारत ने दुनिया से अपने स्मारकों को देखने के लिए अनुरोध करना बंद कर दिया। देश ने अपनी यादों को महसूस करने, अपनी शांति में स्वस्थ होने और अपनी विविधता का जश्न मनाने के लिए पूरी दुनिया को आमंत्रित किया।

# माँ की शक्ति, बच्चों का भविष्य : योग से बदलता परिदृश्य

**//मतीअन्नपूर्णा देवी//**

**चाहे वह बोर्डरूम हो या युद्धभूमि —मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त महिलाएँ ही बदलाव की वाहक होती हैं; महिलाओं के लिए अपनी वास्तविक शक्ति को पहचान कर उसे विकसित करना अत्यंत आवश्यक है, और योग इसकी कुंजी है। योग की जन्मस्थलीभारत में आज भी इस प्राचीन जीवनशैली को केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के पोषण के लिएएक दार्शनिक पद्धति के रूप में स्वीकारकियाजाता है।भगवद्गीता (अध्याय 2, श्लोक 50) में कहा गया है-योगः कर्मसु कौशलम्,अर्थात् 'योग कर्मों में कौशल है।'भगवान श्रीकृष्ण कास्पष्टसंदेश है कि-सच्चायोग शारीरिक आसन या ध्यान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह इस बात में परिलक्षित होता है कि हम अपने दैनिक कर्तव्यों को कितनी कुशलता और ध्यानपूर्वकनिभाते हैं।**

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री के रूप में, मेरा दृढ़ विश्वास है कि योग में परिवर्तनकारी क्षमता है, विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने और बच्चों के पोषण में, जो हमारे समाज की नींव हैं।

माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में योग ने वैश्विक मंच पर एक कल्याणकारी और सामाजिक परिवर्तन के साधन के रूप में पहचान प्राप्त की है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2014 में 21 जून कोअंतरराष्ट्रीय योग दिवसघोषित कियागया, जो भारत की महान आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक मान्यता सिद्धकरता है।

इस वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम,एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योगहैद्य जोकि योग की सर्वसमावेशी और सार्वभौमिक अपील को रेखांकित करती है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने भी इस बात पर जोर दिया है कि योग किसी कॉपीराइट, पेटेंट या रॉयल्टी से मुक्त है। यह लचीला है – आप इसे अकेले,समूह में, गुरु से या स्वयं भी सीख सकते हैं।जैसे-जैसे हमारा राष्ट्रविकसितभारतबननेकी दिशा में अग्रसर हो रहा है, यह आवश्यक हो जाता है कि योग को महिलाओं और बच्चों के जीवन का अभिन्न अंग बनाया जाए।

भारत की कुल आबादी में महिलाओं और बच्चों की संख्या लगभग दो-तिहाई है, और वे स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों के प्रति बेहद संवेदनशील होते हैं। अतः उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना हम सबका कर्तव्य है, और योग की इसमें महत्वपूर्णभूमिका है।

योग महिलाओं के लिए मानसिक और शारीरिक दोनों दृष्टिसे अनेक लाभ प्रदान करता है। यह हार्मोनल संतुलन को बेहतर बनाता है, मानसिक तनाव को कम करता है, और मांसपेशियों एवंहड्डियों को मजबूत बनाताहै। विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं की विशिष्ट शारीरिक आवश्यकताओं के अनुसार योग एक समग्र और प्रभावी समाधान प्रदान करता है।

योग को अपनाकर महिलाएँगर्भावस्था से पूर्व औरबाद केपरिवर्तनशीलसमय की स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में सक्षम बनती हैं । प्रसवपूर्व योग, अपने विशेष आसनों और ध्यान तकनीकों के साथ, गर्भावस्था की परेशानियों को कम करता है, दर्द प्रबंधन में सहायता करता है, और ऊर्जा को बढ़ाता है। यह गर्भवती माताओं को शारीरिक और भावनात्मक रूप से प्रसव के लिए तैयार करता है। प्रसवोत्तर योग, स्तनपान कराने वाली माताओं को उनकी रिकवरी, भावनात्मकसहायता, स्तनपान को बढ़ावा देने और माँ-बच्चे के रिश्ते को मजबूत करने में मदद करता है।

महिलाओं में योग के अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए, भारत में 25 लाख से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का एक सशक्त नेटवर्क है, जो योग को महिलाओं और बच्चों के दैनिक जीवन में अपनाने के लिए जानकारी, प्रशिक्षण और सहायता प्रदान कर रहा हैं।

माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लगातार महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की वकालत की है। वे कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का सक्रिय रूप से समर्थन करते हैं, जो किसी भी अर्थव्यवस्था के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। विश्व बैंक का यह अनुमान है कि महिला श्रम बल की भागीदारी में वृद्धि से भारत के औद्योगिक उत्पादन में 9 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है और 2047 तक हम एक उच्च आय वाले विकसित राष्ट्र का दर्जा प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। यह सब तभी हासिल किया जा सकता है जब हमारे पास शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ महिला कार्यबल हो।

आज की तेजी से बदलती दुनिया में, बच्चे भी जीवनशैली संबंधी विकारों, स्क्रीन पर निर्भरता और शैक्षणिक दबावों से तेजी से प्रभावित हो रहे हैं। योग इन चुनौतियों के लिए साक्ष्य-आधारित, समयबद्ध और सांस्कृतिक रूप से निहित प्रतिक्रिया प्रदान करता है। यह एकाग्रता, याददाश्त बढ़ाने, भावनात्मक विनियमन, नींद की गुणवत्ता और तनाव के प्रबंधन को बेहतर करता है - जो समग्र बचपन के विकास के प्रमुख घटक हैं। मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के माध्यम से, हमारा मंत्रालय योग को बच्चों की प्रारंभिक देखभाल और विकास में शामिल कर रहा है, जो आजीवन स्वास्थ्यवर्धक आदतों की नींव रख रहा है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में एक बहुआयामी रणनीति के अंतर्गतयोग को महिलाओं और बच्चों के जीवन के अभिन्न अंग के रूप में अपनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। हमारी प्रमुख योजनाएँ, जैसे-आंगनवाड़ी केंद्र, वन स्टॉप सेंटरऔरबाल देखभाल संस्थानआदि न केवल पोषण और कल्याण सम्बन्धी सेवाएँ प्रदान करते हैं, बल्कि योग से जुड़ी विशेष गतिविधियों एवं प्रशिक्षण के माध्यम से लाभार्थियों के जीवन को भी प्रभावित करते हैं। इन केंद्रों में आयुष मंत्रालय के सहयोग से तैयार विशेषयोग मॉड्यूल्सलागू किए जा रहे हैं, जो विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों पर केंद्रित हैं।

वैश्विक व्यवस्था के बदलते विमर्श में, महिलाएँ हर मोर्चे पर अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। आईटी से लेकर अंतरिक्ष तक और नीति निर्माण से लेकर सामरिक रक्षा तक, महिलाएँ नई अग्रिम पंक्ति की योद्धा हैं। हाल ही मेंऑपरेशन सिंदूरमें कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह कानेतृत्व इसका जीवंत उदाहरण हैं। यह स्पष्ट है कि मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त महिलाएँअसाधारण परिवर्तनकारी शक्ति बन सकती हैं-औरयोगउनकी इस अपारक्षमता का आधार है।

योग के माध्यमसेसमावेशी विकास को बढ़ावा देनाहमारी सरकार कीप्राथमिकता है। महिला और बाल विकासकीअपनी नीतियों में योग को सक्रिय रूप से शामिल करके, हम अपनी सांस्कृतिक संप्रभुता पर जोर दे रहे हैं । योग को केवल एक अभ्यास के रूप में नहीं बल्कि स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक सहभागी अभियान, एक जन-आंदोलन के रूप में देखा जाना चाहिए और हमारी सरकार इस मुहिम को देश के हर हिस्से में ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## तस्वीरों की दुनिया



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर में नक्सली हमले में शहीद हुए आकाश राव गिरपुंजे के परिजनों से मुलाकात की।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित सरकारी आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।



अहमदाबाद में उपचुनाव में विसावदर सीट पर गोपाल इटालिया की भाजपा के खिलाफ जीत के बाद आम आदमी पार्टी (आप) कार्यकर्ताओं ने पार्टी मुख्यालय में जश्न मनाया।



पूर्व कांग्रेस सांसद बृजेन्द्र सिंह नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय इंदिरा भवन में एक प्रेस वार्ता के दौरान।



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने नई दिल्ली के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके शहादत दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए एक समारोह के दौरान पौधारोपण किया।



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी नई दिल्ली में 10 जनपथ पर अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस द्वारा आयोजित आदिवासी नेताओं के साथ बातचीत के दौरान।

# ईरान का अमेरिका पर पलटवार, अमेरिकी सैन्य अड्डों पर दागीं 6 मिसाइलें, कतर ने अपना एअरस्पेस किया बंद

**नईदिल्ली, 24 जून [एजेंसी]।**

ईरान ने कतर के दोहा में मौजूद अमेरिकी बेस पर सोमवार रात मिसाइल हमले किए। इजरायली अधिकारियों ने दावा किया कि ईरान की ओर से 6 मिसाइलें दागी गई। कतर के अल उबेद बेस पर ईरान ने हमला किया।हालांकि, कतर का दावा है कि अमेरिकी सैन्य अड्डे पर हुए हमले में किसी हताहत होने की खबर नहीं है।ईरान के पलटवार के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सिचुएशन रूम में हाईलेवल मीटिंग बुलाई। अमेरिकी रक्षा मंत्री के साथ ट्रंप बैठक कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, ईरान के हमले में अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं हैं। बता दें कि भारतीय समयानुसार, रविवार सुबह अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकाने, नितांज, इस्फ्हान और फोर्डो पर हमले किए थे। इस हमले के बाद ईरान ने अमेरिका को बुरे परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी। अमेरिकी की कार्रवाई के बाद यूएस की सेना अलर्ट मोड पर है। ईरान ने साफ तौर पर कहा है कि अमेरिका ने युद्ध को अपराध किया है, जिसकी कीमत उसे भुगतनी होगी। वहीं, राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी थी कि अगर ईरान ने अमेरिका पर हमला किया तो अमेरिकी सेना इस करारा जवाब देगी। रविवार को अयातुल्ला अली खामेनेई शासन के अधिकारियों ने कहा था कि मिडिल ईस्ट में मौजूद अमेरिकी नागरिक ईरान के निशाने पर हैं। वहीं, अयातुल्ला अली खामेनेई ने चेतावनी दी थी कि अमेरिका में मौजूद उसके स्लिपर सेल एक्टिव हो सकते हैं।12 जून की सुबह इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लायन नामक सैन्य कार्रवाई शुरू की। इजरायल ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए। ईरान की सबसे सुरक्षित माने जाने वाले परमाणु संयंत्र फोर्डो को निशाना बनाया है। उपग्रह द्वारा ली गई तस्वीरों से पता चलता है कि अमेरिका ने ईरान के



भूमिगत परमाणु संवर्धन केंद्र फोर्डो की दो संरचनाओं पर सटीक निशाना साधा, जिनके बारे में विशेषज्ञों ने कहा है कि वे वेंटिलेशन साफ्ट हो सकते हैं। ये संरचनाएं संयंत्र चालू होने के शुरुआती दिनों में दिखाई देती थीं। 2009 तक उपग्रह चित्रों में इन्हें देखा जा सकता था। लेकिन, 2011 तक दोनों संरचनाएं दिखाई देना बंद हो गईं। मौजूद स्थिति को देखते हुए कतर सरकार ने देश के एअरस्पेस बंद करने का फैसला किया है। इसी बीच एअर इंडिया एक्सप्रेस ने कोच्चि से मस्कट जाने वाली हमारी दोहा जाने वाली उड़ान को डायवर्ट कर दिया है और कन्नूर से आने वाली हमारी उड़ान को वापस भेज दिया है। एअर इंडिया ने कहा कि कतर जाने वाली हमारी कोई अन्य उड़ान नहीं है। कतर में एयर इंडिया एक्सप्रेस का कोई विमान नहीं है।

# अब नहीं होगा कोई समझौता, कतर में अमेरिकी बेस पर हमले के बाद ईरान का पहला रिएक्शन




**नईदिल्ली, 24 जून [एजेंसी]।**

ईरान और अमेरिका के बीच जारी तनाव अब खुलकर सैन्य संघर्ष की ओर बढ़ चुका है। आज ईरान ने अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करते हुए कतर स्थित अल-उदेद एयरबेस को निशाना बनाया। यह हमला ईरान की सेना ने ऑपरेशन बशारत फतह के तहत किया, जिसे उन्होंने अमेरिका के हालिया परमाणु ठिकानों पर किए गए हमले का जवाब बताया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने एक बयान में कहा कि कोड अबा अब्दुल्लाह अल-हुसैन के नाम से हमने कतर में स्थित अल-उदेद बेस को तबाह करने वाले शक्तिशाली मिसाइल हमले से निशाना बनाया है।यह बेस अमेरिका की वायुसेना का मुख्यालय है और पश्चिम एशिया में उसकी सबसे बड़ी रणनीतिक सैन्य संपत्ति मानी जाती है। IRGC का यह भी कहना है कि यह हमला ईरान की संप्रभुता, अखंडता और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा में किया गया है। ईरान की सेना ने कहा कि वह अपनी सीमाओं और सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगी और हर हमले का कड़ा जवाब दिया जाएगा।

उन्होंने अमेरिका और उसके सहयोगियों को साफ संदेश देते हुए कहा कि हम किसी भी स्थिति में अपनी क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं करेंगे। यह संदेश व्हाइट हाउस और उसके सहयोगियों के लिए है।

## अलर्ट रहें, घर के बाहर न निकलें, कतर के यूएस बेस पर ईरान ने किया हमला, भारत ने जारी की नागरिकों के लिए एडवाजरी




**नई दिल्ली।** ईरान ने सोमवार रात कतर के दोहा में मौजूद अमेरिका सैन्य हवाई अड्डे पर 6 मिसाइल दागे। ईरान ने दावा किया कि उसने अमेरिका के हमले का बदला ले लिया है। इसी बीच भारत सरकार ने कतर में मौजूद भारतीय समुदाय से अलर्ट रहने की अपील की। भारत सरकार ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि लोग अपने घर के अंदर ही रहें। वहीं, कतर सरकार के दिशा-निर्देश का पालन करें।

# बेड, टॉयलेट से लेकर ओवन तक... उड़ते हुए होटल से कम नहीं अमेरिका का बी-2 बॉम्बर

**नईदिल्ली, 24 जून [एजेंसी]।**

अमेरिका ने रविवार को ईरान के तीन न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला किया। ईरान की इन न्यूक्लियर साइट्स पर बम गिराने के लिए अमेरिका ने बी-2 बॉम्बर विमान का उपयोग किया। इस ऑपरेशन का नाम अमेरिका ने मिडनाइट हैमर रखा था। करीब 37 घंटों के इस ऑपरेशन के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पायलटों की तारीफ की है। बता दें कि नॉर्थ्रोप ग्रुम्मन कंपनी के विमान को अमेरिका की वयुसेना का रीढ़ कहा जाता है। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, बी-2 स्पिरिट पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ बॉम्बर है, जिसने पहली बार साल 1989 में उड़ान भरी। वहीं, साल 1999 में कोसोवो युद्ध के दौरान इस विमान को परिचालन में लाया गया था। बी-2 अपने पूर्ववर्तियों जैसे बी-1 लांसर, बी-52 स्ट्रैटोफोर्टेस, एफ-117 नाइटहॉक्स से काफी अलग है। ईरान में ऑपरेशन मिडनाइट हैमर को अंजाम देने के लिए अमेरिकी बेस से उड़ान भरने के बाद और ऑपरेशन को अंजाम देकर वापस लौटने तक बी- बॉम्बर ने करीब 37



घंटों तक हवा में रहा। हवा में ही इस विमान में ईंधन भरा गया। ऐसे में मन में सवाल है कि आखिर इतने देर तक इस विमान के पायलटों ने कैसे समय व्यतीत किया।जानकारी के अनुसार, अपने 37 घंटों के सफर के दौरान इस विमान को दो पायलटों ने मैनेज किया। इस बॉम्बर के भीतर सोने और खाने की भी व्यवस्था है। इतना ही नहीं इस बॉम्बर में टॉयलेट का भी इंतजाम है। ऐसा इसलिए ताकि, पायलट को विमान में किसी प्रकार की समस्या ना हो सके। बी-2 स्पिरिट में बंक, माइक्रोवेव ओवन और स्नैक्स से भरा एक स्टोरेज रैक होता है। इसके अलावा इस विमान में खाने की चीजों में कैंडी बार, अनाज, सैंडविच, दूध और पीने के लिए भी खास इंतजाम होते हैं। बी-2 में अमूमन दो पायलट होते हैं और उड़ान भरते हैं।

ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के दौरान, दोनों पायलटों को विमान में ही खाना खिलाया गया और 37 घंटों तक उड़ान के दौरान अन्य सुविधाएं भी दी गईं। बी-2 बॉम्बर 66 फीट लंबा है और इसकी ऊंचाई 17 फीट है। इस बॉम्बर के पंखों का फैलाव 172 फीट है। इसका डिजाइन सिल्हूट और फ्लाइंग विंग जैसा है। इतना ही नहीं बॉम्बर रडार में भी गायब हो जाता है। कुछ आधुनिक रडार में यह काफी कम नजर आता है। इसमें चार जनरल इलेक्ट्रिक F118-GE-100 टर्बोफैन लगे होते हैं।कंपनी का दावा है कि यह बॉम्बर 50,000 फीट से भी अधिक ऊंचाई तक जाने की क्षमता रखता है। यह जेट 20 टन का पेलोड को आसानी से ले जाने में सक्षम है। दावा किया जाता है कि ईरान ने परमाणु बम बनाने के लिए यूरेनियम जमा कर रखा है।

## कार की चपेट में आये लड़के की मौत नाराज ग्रामीणों ने किया रास्ता जाम

**बलिया।** बलिया जिले के बांसडीह क्षेत्र में सोमवार को कार की चपेट में आने से छह वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने दो घंटे तक बांसडीह- मनियर मार्ग को जाम कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार बांसडीह-मनियर मार्ग पर सोमवार को पूर्वाह्न हालपुर के पास एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से आयुष (छह) नामक लड़के की मौत हो गई। इस घटना के बाद कार चालक भाग गया। सूत्रों का कहना है कि लड़के के नाराज परिजनों और अन्य ग्रामीणों ने बांसडीह-मनियर मार्ग को जाम कर किया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

## भोपाल में कोरोना के नए वेरिएंट के 28 मरीज मिले, संक्रमितों में कोई गंभीर नहीं



**भोपाल, 24 जून [एजेंसी]।**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल ने कोविड-19 के नए वेरिएंट की पुष्टि की है। एक्सएफजी नाम का यह वेरिएंट कोरोना का टीका लगवा चुके लोगों को भी संक्रमित कर रहा है।44 नमूनों की जीनोम सिक्वेसिंग में 28 मामले नए वेरिएंट के मिले हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे संक्रमित लोगों में गंभीर लक्षण नहीं हैं। घबराने की जरूरत नहीं है। यह नया वेरिएंट पहले से फैल रहे एलएफ.7 वेरिएंट से ही बना है।एक्सएफजी वेरिएंट मई के अंतिम सप्ताह में सामने आया, फिर यह जून के पहले और दूसरे सप्ताह में तेजी से फैला और जून के तीसरे सप्ताह तक यह एकमात्र सक्रिय प्रकार बन गया है। इसके अलावा इस वेरिएंट से विकसित एक उप-प्रकार एक्सएफजी.3 की भी पहचान की गई है, जो एक्सएफजी पॉजिटिव 28 नमूनों में से पांच में पाया गया।बताया गया कि एक्सएफजी और एलएफ.7 वेरिएंट्स में कुछ ऐसे उत्परिवर्तन मौजूद हैं, जो कोविड-19 का टीका लगवा चुके व्यक्तियों को भी संक्रमित कर सकते हैं।

# जींद में तालाब की खुदाई के दौरान मिले 12 मानव कंकाल और प्राचीन मटके, इलाके में मचा हडकंप




**जुलाना, 24 जून [एजेंसी]।**

खंड जुलाना के गांव देवरड़ में शनिवार को तालाब में खोदाई कर रहे मनरेगा मजदूरों को कंकाल और प्राचीन काल के मटके मिले। कंकालों को देखकर मजदूर डर गए और काम रोक दिया गया। शनिवार को देवरड़ में मनरेगा के तहत तालाब की खोदाई का कार्य चल रहा था। मजदूरों को खोदाई के दौरान कुछ मटके दिखाई दिए। जब और गहराई में खोदा गया, तो वहां मानव कंकाल मिले।तालाब में अब तक लगभग 10 से 12 कंकाल मिल चुके हैं। ग्रामीणों के अनुसार तालाब में मिले कंकालों की लंबाई सामान्य से ज्यादा है। मानव जबड़े भी काफी बड़े हैं। अंदाजा लगाया जा रहा है कि कंकाल की लंबाई सात से आठ फीट है। उनकी हालत को देखकर लगता है कि ये 200 साल से भी ज्यादा पहले के हो सकते हैं। सूचना मिलने के बाद गांव पहुंच गए थे। ग्रामीणों ने बताया कि यहां कब्रिस्तान होता था, जहां मुस्लिम समुदाय के लोगों के शव दफनाए जाते थे, जिनके खोदाई में कंकाल मिले हैं। ऐसे में यहां पर और भी कंकाल मिल सकते हैं।-रविंद्र धनखड़, थाना प्रभारी, जुलाना। ग्रामीण राममेहर ने बताया कि आजादी से पहले गांव में मुसलमान रहते थे। पहले इस तालाब की जगह कब्रिस्तान होता था।

तालाब में मिल रहे कंकाल कब्रिस्तान में दफनाए गए मुस्लिम समुदाय के लोगों के हो सकते हैं। बुजुर्गों के अनुसार आजादी के बाद भी इस जगह लोग आने से कतराते थे। समय बीतता गया और यहां पर तालाब बन गया। तालाब में खोदाई के दौरान कंकाल मिलने के बाद काम रोक दिया है। मौके पर जाकर जांच करने के बाद ही काम दोबारा शुरू किया जाएगा।-प्रतीक जांगड़ा, बीडीपीओ। गांव की सरपंच सुनील कुमारी ने बताया कि कई दिन पहले भी तालाब में खोदाई के दौरान हड्डियों के टुकड़े मिले थे। शनिवार को करीब सात फीट गहरी खोदाई की तो हड्डियां व पुराने मटके मिले। प्रशासन को इस बारे में सूचना दे गई है। फिलहाल खोदाई का काम रोका गया है। बीडीपीओ सोमवार को मौके पर आएंगे। तालाब की खोदाई का काम दो माह से चला हुआ है। प्रतिदिन 50 से 60 मजदूर खोदाई कर रहे हैं। तालाब में कुछ मिला है, तो मौके पर जाकर उसकी जांच की जाएगी।

# ईरानी पलटवार के बाद अमेरिकी सैन्य बेसों पर बेचैनी कुछ लोगों ने ट्रंप का किया विरोध, परिवारों में बढ़ी चिंता

**वाशिंगटन।** ईरानी परमाणु संयंत्रों पर अमेरिकी हमले के बाद तेहरान ने भी पलटवार कर दिया है। इससे अमेरिकी सैन्य बेसों पर बेचैनी बढ़ गई है। जार्जिया के फोर्ट बेनिंग में इस सप्ताहांत एकत्रित कुछ परिवारों के लिए यह बेचैनी भरा दिन रहा। सेना का प्रशिक्षण पूरा करने वाले कुछ सैन्य सदस्यों और उनके प्रियजनों ने भविष्य को लेकर चिंता जाहिर की। न्यूयार्क की 24 वर्षीय मिशेल बिक्सबी ने कहा कि लोगों की जान जा सकती है, इसलिए मैं चिंतित हूं। उनके भाई ने हाल ही में प्रशिक्षण पूरा किया है।हालांकि, उन्होंने कहा कि यह वही है जो वह करना चाहता था। दरअसल, ट्रंप प्रशासन की ओर से ईरान में तीन परमाणु स्थलों पर हवाई हमला करने की घोषणा के एक दिन बाद अमेरिकी धरती पर सैन्य ठिकानों के आसपास के लोगों में दृढ़ समर्थन से लेकर असहमति तक देखने को मिली। हालांकि, सभी लोगों में एक भावना जो दिखी वह यह कि हर जगह अमेरिकी सैनिकों की सुरक्षा के लिए चिंता देखी गई।रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने रविवार को जोर देकर कहा कि प्रशासन एक खुली युद्ध की इच्छा नहीं रखता, लेकिन ईरानी नेताओं ने प्रतिशोध की कसम खाई है। यह



वास्तविकता और सैन्य बल पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव की बात सैन्य अड्डों के आसपास के कई लोगों के दिमाग में थी। हालांकि, सैन्य सदस्यों ने इस वास्तविकता को नौकरी का हिस्सा मानकर स्वीकार कर लिया है। कई परिवार यह समझ रहे हैं कि यह एक वास्तविक खतरा है। सेना के परिवार से जुड़ी मेघन गिल्स ने कहा कि यह कुछ है जिसके बारे में हमें चिंतित रहना चाहिए। फ्लोरिडा के एग्लिन एयर फोर्स बेस पर 23 वर्षीय आर्मी नेशनल गार्ड के कांबैट मेडिक ब्लेक कार्लसन ने कहा कि उन्हें तैनात किया जा सकता है। यह वही है, जिसके लिए मैंने साइन अप किया था। अगर मुझे करना पड़े, तो मैं करूंगा। लेकिन उनकी मां और भाई ने आशा व्यक्त की कि देश पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष में नहीं फंसेगा।कुछ लोगों ने ट्रंप का समर्थन किया और उनके इस दावे से सहमत हुए कि लक्षित बमबारी व्यापक संघर्ष की संभावना नहीं है। कार्लसन की मां, टोन्या कार्लसन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह हमला ईरान को अमेरिका के साथ बातचीत करने के लिए मजबूर करेगा।अन्य लोगों ने ट्रंप के उस बयान का समर्थन किया कि ईरान एक तात्कालिक खतरा है। पूर्व कांबैट इंजीनियर 72 वर्षीय टोनी सालुज्जो ने कहा कि एक ऐसा बिंदु जो हाल की राष्ट्रीय सुरक्षा आकलनों के विपरीत है। ईरान को निश्चित रूप से परमाणु हथियारों की आवश्यकता नहीं है। एग्लिन बेस पर एयर फोर्स आर्मामेंट म्यूजियम का दौरा करने वाले फ्लोरिडा के जेम्स आर्थर ने कहा कि ईरान पर हवाई हमले लगभग दो दशकों की देरी से हुए हैं। अन्य भूतपूर्व सैन्यकर्मियों ने कांग्रेस की मंजूरी के बिना ईरान पर बमबारी करने के लिए ट्रंप की आलोचना की।

इराक और अफगानिस्तान में सेवा देने वाले नौसेना के अनुभवी पाल ओयलर ने कहा कि संविधान के निर्माताओं ने यह सुनिश्चित करने के लिए यह भाषा शामिल की थी कि युद्ध में जल्दबाजी में प्रवेश नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर क्षेत्र में कोई आसन्न खतरा होता तो वह हवाई हमलों से सहमत होते, लेकिन कोई कारण नहीं है यह मानने का कि ईरान वास्तव में परमाणु हथियारों का मालिक था। सैन्य रखरखाव अनुबंधों पर काम करने वाले 30 वर्षीय डेनवर थियरी ने कहा कि वह ट्रंप के समर्थन में रहेंगे। लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि यह जानना मुश्किल है कि ईरान के पास वास्तव में क्या क्षमताएं हैं। मुझे नहीं पता कि क्या हो रहा है। मुझे नहीं पता कि क्या उनके पास वास्तव में परमाणु वारहेड हैं या नहीं।

## तेल की कीमतों को मत बढ़ाना, मैं सब कुछ देख रहा हूं, ईरान-इजरायल जंग के बीच ट्रंप का बड़ा बयान

**वाशिंगटन, 24 जून [एजेंसी]।**

ईरान-इजरायल युद्ध की वजह से इंटरनेशनल मार्केट में तेल की कीमतें आसमान छू चुकी हैं। कच्चे तेल की कीमत एक समय 81.40 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई थी। मामले पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सोमवार (23 जून, 2025) को तेल की कीमतों को नीचे रखने की इच्छा व्यक्त की है। उन्हें डर है कि मिडिल ईस्ट में चल रही जंग की वजह से तेल की कीमतों में उछाल आ सकता है। उन्होंने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा, सभी लोग तेल की कीमतों को कम रखें, मैं देख रहा हूं। आप दुश्मन के हाथों में खेल रहे हैं, ऐसा मत कीजिए। इसके अलावा ट्रंप ने अमेरिकी ऊर्जा विभाग को संबोधित करते हुए एक और पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने उसे ड्रिल, बेबी, ड्रिल करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा मेरा मतलब अभी है। इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों को लेकर चिंता बनी हुई है, खासकर वैश्विक तेल आपूर्ति में ईरान के रणनीतिक महत्व को देखते हुए। ईरान OPEC+ के कुल प्रोडक्शन में लगभग एक तिहाई का योगदान करता है और इस ग्रुप का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। इसकी आपूर्ति में कोई भी व्यवधान वैश्विक ऊर्जा बाजारों को प्रभावित कर सकता है, खासकर तब जब ईरान जवाबी कार्रवाई करने का निर्णय लेता है और होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकी देता है।

ये एक महत्वपूर्ण शिपिंग रास्ता है जिसके जरिए दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल गुजरता है। हालांकि, इजरायल-ईरान संघर्ष में हाल ही में अमेरिका की भागीदारी के बाद, विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी भी तरह की बाधा होने की स्थिति में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल का जोखिम अभी भी बना हुआ है। इससे अमेरिका स्थित WTI के 80 से 85 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंचने की संभावना है।

# महाराष्ट्र के स्कूलों में तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाई जाएगी हिंदी, इसी सत्र से लागू होगा नियम



**मुंबई, 24 जून [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र सरकार ने एक आदेश जारी कर कहा है कि राज्य के मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा एक से पांचवीं तक के छात्रों को तीसरी भाषा के रूप में हिंदी पढ़ाई जाएगी। नई नीति शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से लागू होगी। हाल में में जारी संशोधित सरकारी आदेश में कहा गया है कि हिंदी अनिवार्य होने के बजाय सामान्य रूप से तीसरी भाषा होगी, लेकिन यदि किसी स्कूल में प्रति कक्षा 20 छात्र हिंदी के अलावा किसी अन्य भारतीय भाषा का अध्ययन करने की इच्छा व्यक्त करते हैं तो उन्हें इससे बाहर रहने का विकल्प दिया गया है। स्कूल शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने सरकार के इस फैसले का बचाव करते हुए बुधवार को कहा कि सार्वजनिक जीवन में हिंदी काफी बोली जाती है। इसे सीखने से छात्रों को फायदा होगा और इससे 12वीं कक्षा के छात्रों को भी उच्च शिक्षा में मदद मिलेगी। उन्होंने पाठ्यक्रम के अनुसार मराठी न पढ़ाने वाले स्कूलों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। संगठनों, कांग्रेस और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने सरकार पर शुरूआत में इस नीति से पीछे हटने के बाद पिछले दरवाजे से इसे पुनः लागू करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर मराठी लोगों की छाती में छुरा घोंपने का आरोप लगाया। आलोचकों ने दावा किया कि सरकार का नवीनतम कदम स्कूल शिक्षा मंत्री के पूर्व बयानों के विपरीत है, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्राथमिक कक्षाओं के लिए हिंदी अनिवार्य नहीं होगी।

मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि राज्य में हिंदी को थोपने की इजाजत नहीं दी जाएगी। इस मुद्दे पर बढ़ते विवाद तथा कांग्रेस और मनसे की आलोचना के बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने स्पष्ट किया कि छात्रों के लिए हिंदी सीखने की अनिवार्यता हटा दी गई है तथा अब किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में चुना जा सकता है। उन्होंने पूरे विवाद को अनावश्यक बताया।

गौरतलब है कि महाराष्ट्र स्कूल शिक्षा विभाग ने मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप स्कूल शिक्षा के लिए राज्य पाठ्यचर्या रूपरेखा 2024 के कार्यान्वयन के हिस्से के रूप में सरकारी संकल्प जारी किया। इसके अनुसार, मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा एक से पांचवीं तक के छात्रों के लिए हिंदी सामान्य रूप से तीसरी भाषा होगी। आदेश में कहा गया है, जो लोग हिंदी के विकल्प के रूप में कोई अन्य भाषा सीखना चाहते हैं तो उन्हें स्कूल में प्रत्येक कक्षा से 20 छात्रों की अपेक्षा को पूरा करना होगा। ऐसी स्थिति में उस विशेष भाषा के लिए एक शिक्षक उपलब्ध कराया जाएगा या भाषा को आनलाइन पढ़ाया जाएगा। सरकारी संकल्प में यह भी कहा गया है कि मराठी सभी माध्यम के स्कूलों में अनिवार्य भाषा होगी।

## क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की शादी टली



**वाराणसी, 24 जून [एजेंसी]।**

क्रिकेट खिलाड़ी रिंकू सिंह और जौनपुर के मछलीशहर की समाजवादी पार्टी की सांसद प्रिया सरोज की शादी की तिथि टल दी गई है। 18 नवंबर को वाराणसी के होटल ताज में शादी होनी थी। शादी टलने की वजह रिंकू की घरेलू क्रिकेट में व्यस्तता बताई जा रही है। शादी की अगली तिथि जल्द तय की जाएगी।कुछ दिनों पहले लखनऊ में रिंकू और प्रिया की सगाई हुई थी। इसके बाद ही शादी की तैयारियां जोर-शोर से चल रही थी। वाराणसी के नदेसर स्थित होटल ताज में मेहमानों के लिए कमरे आदि भी बुक किए गए थे। अक्टूबर से फरवरी के बीच रिंकू सिंह घरेलू क्रिकेट में प्रदेश की टीम की ओर से खेलेंगे। इसके कुछ दिनों बाद आईपीएल शुरू हो जाएगा। फरवरी के अंत में खेल से वक्त मिलने पर या फिर आईपीएल 2026 के बाद शादी की तिथि तय की जाएगी। दोनों परिवार ने यह भी तय किया है कि शादी वाराणसी में न करके कहीं अन्य स्थान पर की जाएगी और यह डेस्टिनेशन वेडिंग होगी।

# एक्सरसाइज करने से आप बन सकते हैं युवा और बुढ़ापा भी रहेगा दूर

एक्सरसाइज करने के फायदों से तो हम सभी वाकिफ हैं। इसकी मदद से मांसपेशियां मजबूत होती हैं, वजन घटता है, ताकत बढ़ती है और बीमारियों से सुरक्षित रहने में मदद मिलती है। हालांकि, अब एक नया अध्ययन किया गया है, जिसमें सामने आया है कि युवा बने रहने का एक्सरसाइज से अच्छा कोई उपाय नहीं हो सकता। अध्ययन के मुताबिक, एक्सरसाइज करने से एक खास तरह का प्रोटीन उत्पन्न होता है, जो बुढ़ापे के लक्षणों को रोकता है।

इस अध्ययन को नेचर कम्युनिकेशंस नामक पत्रिका में प्रकाशित किया गया था और इसे दक्षिण कोरिया में पूरा किया गया है। शोध से पता चला है कि जब हम एक्सरसाइज करते हैं तो हमारी मांसपेशियां एक शक्तिशाली प्रोटीन छोड़ती है। यह प्रोटीन जैविक टाइम मशीन की तरह काम करता है और बढ़ती उम्र के साथ मांसपेशियों और हड्डियों की ताकत में जो



गिरावट आती है, उसे बहाल करने का काम करता है।

इस प्रोटीन का नाम साइटोकाइन फैक्टर 1 (सीएलसीएफ1) है, जो कि कसरत करते समय रक्तप्रवाह में तेजी से बढ़ने लगता है। यह प्रोटीन बढ़ती उम्र से जुड़ी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान करने में मदद करता है और शरीर की ताकत को बढ़ाकर युवाओं जैसी ऊर्जा लाता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक, उम्र बढ़ने के साथ सीएलसीएफ1 का स्तर स्वाभाविक रूप से कम हो जाता है, लेकिन नियमित एक्सरसाइज से इसे दोबारा युवा स्तर पर लाया जा सकता है। इस अध्ययन को पूरा करने के लिए दक्षिण कोरिया के शोधकर्ताओं ने चूहों पर परिक्षण किया था। जब उन्होंने बुजुर्ग चूहों को सीएलसीएफ1 दिया, तो उनकी मांसपेशियों की ताकत और हड्डियों का घनत्व कम उम्र के चूहों के बराबर हो गया। इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली बात यह थी कि जब वैज्ञानिकों ने प्रोटीन की गतिविधि को रोक दिया, तो ज्यादातर एंटी-एजिंग लाभ बेअसर हो गए। इसके बाद यह अध्ययन बुजुर्ग और युवा लोगों पर भी किया गया।

शोधकर्ताओं ने प्रशिक्षण से पहले और बाद में अलग-अलग उम्र के लोगों के मांसपेशियों के नमूनों में जीन गतिविधि का विश्लेषण करके सीएलसीएफ1 के महत्व की खोज की। उन्होंने पाया कि युवाओं में कसरत के दौरान बहुत ज्यादा सीएलसीएफ1 बनता है, वहीं बुजुर्गों में इसका उत्पादन बहुत कम होता है। अध्ययन से सामने आया कि सीएलसीएफ1 ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने में मदद करता है। इसके जरिए मांसपेशियां ऊर्जा को कुशलतापूर्वक उपयोग कर पाती हैं, जिससे कमजोरी नहीं होती।

सीएलसीएफ1 मायोकाइन नामक प्रोटीन के परिवार से संबंधित है। मायोकाइन एक्सरसाइज के दौरान शरीर के बाकी हिस्सों को संदेश भेजने का काम करता है कि मांसपेशियों पर क्या असर पड़ रहा है। कुछ संदेश वसा कोशिकाओं को ऊर्जा जलाने के लिए कहते हैं, वहीं अन्य हड्डियों को मजबूत बनाने का निर्देश देते हैं। ये मूड और याददाश्त को बेहतर बनाने में असरदार साबित होते हैं। अगर आप भी बुढ़ापे के असर को कम करना चाहते हैं तो नियमित एक्सरसाइज करें।



## श्री माया एंटरटेनमेंट्स की कॉमेडी एंटरटेनर डॉन बॉस्को में मिरना मेनन मुख्य भूमिका में

उभरते हुए प्रोडक्शन हाउस श्री माया एंटरटेनमेंट्स एक मजेदार कॉमेडी एंटरटेनर डॉन बॉस्को लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म को निर्माता सैलेश रामा ने बनाया है। इस फिल्म में सफल निर्माता नागा वामसी के जीजा रुश्या मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म हाल ही में लॉन्च हुई है और इसकी शूटिंग तेजी से चल रही है। आज, निर्माताओं ने खूबसूरत मिरना मेनन को फिल्म में शामिल किया है, जिन्हें जेलर और ना सामी रंगा के लिए जाना जाता है। मुरली शर्मा प्रिंसिपल विश्वनाथ की मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, और मिरना मेनन लेक्चरर सुमति की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म में मौनिका, राजकुमार कासिरेड्डी, विष्णु ओई और अन्य कलाकार भी मुख्य भूमिकाओं में हैं, जो एक मनोरंजक यात्रा का वादा करते हैं। फिल्म का नाम डॉन बॉस्को है और पोस्टर पर दिलचस्प कैप्शन है क्लास रीयूनियन में आपका स्वागत है - बैच 2014 और सभी रीयूनियन यादों के बारे में नहीं होते; कुछ मोचन के बारे में होते हैं, जो जिज्ञासा को बढ़ाता है। इस रोमांचक मनोरंजक फिल्म को शंकर गौरी ने लिखा और निर्देशित किया है। एडुरोलू राजू सिनेमैटोग्राफी संभाल रहे हैं जबकि मार्क के रॉबिन संगीत दे रहे हैं।



## नताशा स्टेनकोविक ने बोल्ड फोटोशूट से मचाया तहलका, इंस्टाग्राम पर शेयर की स्टनिंग तस्वीरें

भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या की एक्स वाइफ और एक्ट्रेस नताशा स्टेनकोविक अक्सर अपने लुक को लेकर सुर्खियों में आ जाती हैं. जी हां, वो आए दिन अपने बोल्ड लुक्स की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं और छा जाती हैं. इसी बीच अब उन्होंने अपनी कुछ ऐसी फोटोज शेयर की हैं, जिन्हें देखकर फैंस भी हैरान रह गए हैं. तो चलिए उनके नए लुक के बारे में आपको भी बताते हैं.

दरअसल, नताशा स्टेनकोविक ने हाल ही में एक फोटोशूट कराया है, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया जमकर वायरल हो रही रही हैं. जी हां, अपनी इन तस्वीरों से एक्ट्रेस हर तरफ छा गईं हैं. इन तस्वीरों में नताशा ब्लैक कलर की स्पोर्ट्स ब्रा और ब्लू कलर की डेनिम पहने दिखाई दे रही हैं. मिनिमल मेकअप और खुले बालों में नताशा बेहद स्टनिंग दिख रही हैं. वहीं इस दौरान नताशा ने अपनी जीन्स की चेन खोलकर जमकर पोज दिए. ऐसे में अब उनकी इन तस्वीरों को देखने के बाद नेटिजन्स ने उन्हें ट्रोल कर दिया है.

जहां कुछ फैंस नताशा की फोटोज देखकर उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं, तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो उनकी जीन्स की चेन खुली देखकर उनपर भड़क गए हैं. एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, छुपाना भी नहीं आता, दिखाना भी नहीं आता. एक दूसरे शख्स ने कमेंट किया- ये कौन सा पोज है भाई. इसके अलावा, एक यूजर ने लिखा- चड्डी दिखाने का ट्रेंड बना लिया क्या. इसके अलावा एक यूजर ने कहा- थोड़ी तो शर्म कर लो.

# कांच की बोतलों में होते हैं प्लास्टिक की बोतलों से 50 गुना ज्यादा माइक्रोप्लास्टिक

घर की रसोई में जिन पदार्थों का हम रोजाना इस्तेमाल करते हैं, इन दिनों उनमें माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी दर्ज की जा रही है। अब तक सामने आया था कि प्लास्टिक से बनी बोतलों और डिब्बों में ये महीन कण मौजूद होते हैं। हालांकि, एक नए अध्ययन ने इस विषय में एक आश्चर्यजनक खुलासा कर दिया है। दरअसल, इस शोध से सामने आया है कि प्लास्टिक की बोतलों की तुलना में कांच से बनी बोतलों में ज्यादा माइक्रोप्लास्टिक पाए जाते हैं।

फ्रांस की खाद्य सुरक्षा एजेंसी एन्सेस द्वारा किए गए इस अध्ययन को जर्नल ऑफ फूड कम्पोजीशन एंड एनालिसिस नामक पत्रिका में प्रकाशित किया गया था। इसमें पाया गया है कि कांच की बोतलों में रखे पेय पदार्थों में प्लास्टिक की बोतलों या धातु के डिब्बों की तुलना में कई गुना अधिक माइक्रोप्लास्टिक होते हैं। शोधकर्ताओं द्वारा कांच की बोतलों में प्रति लीटर 100 माइक्रोप्लास्टिक पाए गए। यह प्लास्टिक के कंटेनरों में पाए गए कणों से 50 गुना अधिक है।

फ्रांस के रहने वाले पीएचडी छात्र इस्लिन चैब के नेतृत्व में इस अध्ययन को पूरा किया गया था। शोधकर्ताओं को उम्मीद थी कि पेय पदार्थों की पैकेजिंग के लिए प्लास्टिक की जगह पर कांच एक सुरक्षित विकल्प होगा। हालांकि, जो नतीजे सामने आए वह बिलकुल उलटे थे। इस शोध को पूरा करने के लिए फ्रांस में बेचे जाने वाले विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थों की पैकेजिंग की जांच की गई थी, ताकि माइक्रोप्लास्टिक्स की मात्रा का पता लगाया जा सके।





जांच करने पर सामने आया कि कांच की बोतलों से निकलने वाले महीन कणों का आकार, रंग और संरचना उनके ढक्कनों के बाहर लगे पेंट के समान थे। एजेंसी ने एक बयान में कहा, ढक्कनों पर पेंट के निशान भी थे, जो इतने महीन थे कि आंखों से दिखाई नहीं देते थे। बंद करते समय जब ये ढक्कन एक दूसरे से रगड़ खाते हैं तो इनमें छोटी-छोटी खरोंचें पड़ जाती हैं, जिनसे प्लास्टिक के कण निकलते हैं।

सभी प्रकार की पैकेजिंग में बिकने वाले पानी में माइक्रोप्लास्टिक का स्तर कम था। कांच की बोतलों में बंद पानी में प्रति लीटर लगभग 4.5 कण थे। सॉफ्ट ड्रिंक, नींबू पानी और बीयर में माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा बहुत अधिक थी, जो प्रति लीटर 30-60 थी। इन पेय पदार्थों को आमतौर पर पेंट किए गए ढक्कनों से बंद किया जाता है, जिनके कारण इसमें माइक्रोप्लास्टिक घुलते हैं। पेंट वाले ढक्कन होने के बाद भी वाइन में बहुत कम माइक्रोप्लास्टिक पाए गए।

खाद्य या पेय में माइक्रोप्लास्टिक के खतरनाक स्तर को निर्धारित करने के लिए कोई अंतरराष्ट्रीय मानक नहीं है। इसलिए, यह निर्धारित करना मुश्किल था कि क्या ये स्तर स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा करता है या नहीं। हालांकि, एन्सेस ने हवा, पानी और शराब से ढक्कनों को साफ करके एक परीक्षण किया, जिससे संदूषण 60 प्रतिशत तक कम हो गया। इसे माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी को घटाने का प्रभावी उपाय माना जा सकता है।

## विजय एंटनी की अगली फिल्म का शीर्षक है लॉयर!



बहुमुखी स्टार विजय एंटनी, जो अपनी तरह की कुछ पहली फिल्मों का प्रयास कर रहे हैं, लॉयर नामक एक आगामी फिल्म में अभिनय करने के लिए तैयार हैं, जो जोशुआ सेथुरमन द्वारा लिखित और निर्देशित है, जो हाल ही में जेंटलवुमेन पर अपने काम के लिए जाने जाते हैं।

लॉयर का आधिकारिक शीर्षक सामने आ गया है, जिससे प्रशंसकों में काफी उत्साह है। विजय एंटनी फिल्म कॉरपोरेशन द्वारा निर्मित, लॉयर को एक कोर्टरूम ड्रामा के रूप में वर्णित किया गया है, जो एक विशिष्ट कानूनी मामले पर आधारित है, जिसकी कथा कानून और न्याय के दायरे में सामने आती है।

निर्देशक जोशुआ सेथुरमन ने कथित तौर पर एक सम्मोहक कहानी तैयार की है जिसका उद्देश्य अदालत की सेटिंग और उसकी प्रक्रियाओं को वास्तविक रूप से चित्रित करना है, एक ऐसा विषय जिसे भारतीय सिनेमा में कम ही बार दिखाया गया है। यह फिल्म एक शक्तिशाली सामाजिक ड्रामा होने की भी उम्मीद है। राष्ट्रीय स्तर पर पहचानी जाने वाली एक भारतीय अभिनेत्री महत्वपूर्ण भूमिका में कलाकारों में शामिल होने के लिए तैयार है। प्री-प्रोडक्शन अब पूरा हो चुका है, उम्मीद है कि फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू हो जाएगी। कलाकारों, तकनीकी दल और अन्य पहलुओं के बारे में आगे की जानकारी निकट भविष्य में आधिकारिक तौर पर घोषित की जाएगी।

## शब्द सामर्थ्य -088

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हदर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 087 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

## मशहूर कॉमेडियन प्रवीण की फिल्म बकासुरा रेस्टोरेंट का ट्रेलर रिलीज



कई सफल फिल्मों में अपने अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले जाने-माने अभिनेता और कॉमेडियन प्रवीण आगामी फिल्म बकासुर रेस्टोरेंट में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। विवा हर्षा शीर्षक भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म में कृष्ण भगवान, शाइनिंग फणी और केजीएफ गरुड़ राम भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। एसजे शिवा द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्देशन उनके निर्देशन में पहली बार किया जा रहा है और इसका निर्माण एसजे मूवीज के बैनर तले लक्ष्मय्या अचारी और जनार्दन अचारी ने किया है। फिल्मांकन पूरा होने के साथ ही अब फिल्म रिलीज के लिए तैयार है।

भूख मिटाने वाली कॉमेडी एंटरटेनर के रूप में वर्णित, बकासुरा रेस्टोरेंट का ट्रेलर रिलीज़ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जाने-माने निर्देशक मारुति शामिल हुए और ट्रेलर का अनावरण किया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रवीण ने कहा, बकासुरा रेस्टोरेंट जल्द ही शुरू हो जाएगा। मुझे खुशी है कि मारुति गरु ने हमारा ट्रेलर रिलीज़ किया। उनकी फ़िल्म प्रेम कथा चित्रम ने मेरे करियर को आकार देने में अहम भूमिका निभाई। मुझे खुशी है कि अब वे मेरी फ़िल्म का ट्रेलर लॉन्च कर रहे हैं। मैं उनका आभारी हूँ। निर्देशक मारुति ने कहा, शीर्षक ही अपने आप में एक सफलता है। यह एक अच्छा नाम है, और इससे यह आभास होता है कि फिल्म भी अच्छी होगी। एक अच्छे शीर्षक ने इस फिल्म को एक सकारात्मक वाइब दिया है। मैं लंबे समय से प्रवीण को मुख्य भूमिका में देखना चाहता था, और आज यह साकार हो गया है। मुझे विश्वास है कि यह फिल्म प्रवीण के करियर में एक मील का पत्थर साबित होगी और निश्चित रूप से दर्शकों को पसंद आएगी।

# अवैध उत्खनन और परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करें:कलेक्टर

## जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टरेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित हुई इस बैठक में पूरे कोरिया जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, बिना अनुमति परिवहन एवं अवैध भण्डारण की रोकथाम के लिए कई निर्णय लिए गए। टास्क फोर्स की आज सम्पन्न बैठक के आरंभ में विगत बैठक की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस बैठक में जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी भी शामिल थे।



कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने अधिकारियों से कहा कि जिले में कोयले के अवैध चोरी पर निरंतर ठोस कार्रवाई की जाए और आदतन तस्करों एवं गाड़ियों की सूची बनाकर परिवहन विभाग एवं खनिज विभाग साझा करते हुए सूचना पर समन्वय बनाकर त्वरित कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध उत्खनन रोकने के लिए जिले में परिवहन विभाग, खनिज, पुलिस और वन विभाग को संयुक्त रूप से टीम बनाकर अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई करें। पत्थरबाजी और गाड़ी लॉक जैसी समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस विभाग को खनि विभाग की मदद लेकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में पूरे जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए रेत परिवहन कर रही गाड़ियों के लिए जनपद स्तर पर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का भी निर्णय लिया गया ताकि अवैध खनन पर रोक लगाई जा सके। इसके अतिरिक्त बैठक में एमएसएस पर टास्क फोर्स की संयुक्त जांच, रॉयल्टी क्लीयरेंस प्राप्त करने के बाद ही निर्माण एजेंसी का भुगतान सुनिश्चित करने, निर्माण कार्यों में संभावित खनिज की मात्रा की जानकारी प्रेषित करने और कोयला खदान क्षेत्रों से खनिज निकासी एवं चोरी को रोकने के लिए प्रभावी निगरानी के निर्देश भी दिए गए। संचालनालय भौमिकी एवं खनिकर्म को इस तरह के विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं। इस बैठक में परिवहन अधिकारी, खनिज अधिकारी, एस डी एम, वनमण्डल अधिकारी, आदिम जाति कल्याण विभाग एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

### कोरिया जिले में लगातार बढ़ रहे ऐसे मामले

# कुत्ते पालने के शौक के साथ सतर्कता जरूरी, लोग हो रहे घायल



**कोरिया बैकुण्ठपुर।** शहर में लापरवाह पालतू कुत्ते अब जानलेवा होते जा रहे हैं। हाल ही में झुमका रोड, दुर्गा पंडाल के पास दो जर्मन शेफर्ड कुत्तों ने एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस हमले में उनका बायां हाथ और पैर काटने तक की नौबत आ गई।

घटना बीते दिवस की है, जब वे अपनी नियमित सुबह की सैर कर रहे थे। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि कुत्ते बिना निगरानी के घूम रहे थे और उनका पिछले एक साल से टीकाकरण भी नहीं हुआ था, जो पूरी तरह से जिम्मेदार मालिकों की लापरवाही है। मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय में झुमका रोड दुर्गा पंडाल के पास दो जर्मन शेफर्ड कुत्तों ने जानलेवा हमला कर ओड़गी नाका निवासी विष्णुदेव सिंह पिता स्व. शिवनंदन सिंह उम्र 50 वर्ष को गंभीर रुप से जख्मी कर दिया। वे अपनी नियमित अलसुबह की सैर पर निकले थे। कुत्तों के अचानक किए गए इस हमले में उनका बायां हाथ (कोहनी के ऊपर) और बायां पैर (घुटने के ऊपर) काटना पड़ा। गंभीर रुप से घायल श्री सिंह का इलाज पहले जिला अस्पताल बैकुंठपुर, फिर शर्मा अस्पताल और बाद में एम्स पटना बिहार में किया गया, जहां बीते 15 जून को अम्प्युटेशन सर्जरी करनी पड़ी। वर्तमान में वे गंभीर अवस्था में एम्स पटना में भर्ती हैं। बेटी शिल्पी का कहना है कि इस हादसे में उनका परिवार पूरी तरह टूट गया है, क्योंकि पिता अब स्थायी विकलांग हो चुके हैं।

#### ये हैं महत्वपूर्ण दायित्व

अगर कुत्ते पालते हैं तो नियमित टीकाकरण अवश्य कराएं। कुत्तों को बिना निगरानी के खुला न छोड़ें, खासकर सार्वजनिक स्थानों में। प्रशासन को ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाने चाहिए ताकि नागरिक सुरक्षित रह सके। नागरिकों से अपील है कि अगर वे कुत्तों या जानवरों से संबंधित लापरवाही देखते हैं तो प्रशासन या थाना में सूचना दें। समाज में सभी का दायित्व है कि लापरवाही के चलते कोई नागरिक जान या अंग नहीं गंवाए।

## पूरक परीक्षा के लिए आवेदन 30 तक

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की पूरक परीक्षा के लिए आवेदन 30 जून तक किए जा सकते हैं। जबकि विलंब शुल्क के साथ 7 जुलाई तक फॉर्म भरे जाएंगे। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की ओर से यह परीक्षा जुलाई के आखिरी सप्ताह या अगस्त में आयोजित की जाएगी। पहले, इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की आखिरी तारीख 11 जून थी। जबकि विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 17 जून थी। उक्त तारीख तक कई कक्षाओं के रीवेल व रीटोटलिंग के नतीजे जारी नहीं हो पाए थे। इसे लेकर आवेदन की तारीख बढ़ाई गई है। पूरक में बीए, बीकॉम, बीएससी आदि के सेकंड और थर्ड ईयर की परीक्षा होगी। जबकि बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन यानी बीपीई पार्ट-1, 2,3, वे 4 का पेपर होगा।

# भाजपा जिला मंत्री बने शारदा गुप्ता, कहा पूरी निष्ठा से करूंगा जिम्मेदारी का निर्वहन

**कोरिया बैकुंठपुर।** गत दिवस प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी जिला कोरिया की कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी द्वारा घोषित की गई, जिसमें लंबे समय से भाजपा संगठन में काम कर रहे अनुभवी युवा नेता शारदा प्रसाद गुप्ता को जिला मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है । जिस अवसर पर उनके समर्थकों द्वारा उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गई है। अपने सौम्य एवं मधुर व्यवहार के कारण युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं साथ ही अपनी सरलता की वजह से वरिष्ठों के भी प्रिय हैं।

मूल रूप से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पृष्ठ भूमि से आने वाले शारदा गुप्ता संघ में प्रथम वर्ष प्रशिक्षित हैं । ये शुरू से ही मेधावी छात्र थे और इनकी शिक्षा दीक्षा भोपाल स्थित आवासीय विद्यालय शारदा विहार में हुई जहां पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों में भी अग्रणी रहे और छात्र संघ के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किए , यही कारण है कि छात्र जीवन में ही छात्र अधिकारों की लडाई लड़ने



वाले इस युवा नेता ने बैकुंठपुर महाविद्यालय में अध्ययन करने के साथ ही छात्र संघर्ष समिति का निर्माण कर छात्र आंदोलनों का नेतृत्व किया। इनकी सक्रियता से प्रभावित होकर वर्ष 2008 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इन्हें जिला सहसंयोजक के रूप में जिम्मेदारी सौंपी। इसके बाद भाजपा युवा मोर्चा के जिला कार्यालय मंत्री, जिला प्रशिक्षण प्रमुख, और युवा मोर्चा कोरिया के जिला महामंत्री तथा कोरबा लोकसभा के सोशल मीडिया के संयोजक के रूप में इन्होंने अपनी अद्भुत संगठन क्षमता को प्रदर्शित किया है। राजनीति के साथ साथ ये विभिन्न सामाजिक संगठनों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं । और वर्तमान में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कोरिया के जिलाध्यक्ष भी हैं। वहीं सामाजिक क्षेत्र के अन्य संगठन स्वदेशी जागरण मंच के वर्तमान जिला संयोजक के रूप में अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। इन्होंने भारतीय जनता पार्टी के बूथ स्तर के कार्यकर्ता से लेकर जिला स्तर के पदाधिकारी तक का लंबा सफर अपनी योग्यता और धैर्य के साथ तय किया है । नवनियुक्त जिला मंत्री शारदा गुप्ता ने इस बड़ी जिम्मेदारी के लिए जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी सहित भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का आभार व्यक्त किया है। साथ ही कहा है कि वे सभी की अपेक्षाओं पर खरे उतरते हुए संगठन के समस्त दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करेंगे।

## एडीईओ भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर इसी हफ्ते

**रायपुर।** सहायक विकास विस्तार अधिकारी एडीईओ भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर इसी हफ्ते जारी होंगे। इसे लकर व्यापमं से तैयारी की जा रही है। यह परीक्षा 15 जून को आयोजित की गई थी। करीब 2 लाख 23 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए थे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत कुल 200 पदों पर एडीईओ की भर्ती होगी।

# श्रमिक कार्ड मिलने से कामगारों के चेहरे में आई मुस्कान

**कोरिया बैकुंठपुर।** धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान में आयोजित किए गए शिविर में ग्राम पंचायत आमगांव में रहने वाली महिला श्रमिक श्रीमती उर्मिला किंडो को निर्माण श्रमिक के रूप में पंजीकृत करते हुए उन्हें श्रम कार्ड प्रदान किया गया। पंजीयन कार्य पूर्ण होने पर अपना कार्ड पाकर मुस्कुरा कर उर्मिला ने धरती आबा अभियान का धन्यवाद किया। पंजीयन के पश्चात अब उर्मिला को मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सुरक्षा उपकरण सहायता योजना के तहत 1500 रूपए की राशि प्राप्त होगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री साइकिल सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री सिलाई सहायता योजना के लिए पंजीयन के 90 दिवस के पश्चात पात्रता होंगी, साथ ही वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत ?5 में गर्म पौष्टिक भोजन प्राप्त होगा। श्रीमती उर्मिला के इकलौते पुत्र को मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृति योजना के तहत 1 हजार से लेकर 50 हजार रूपये तक की राशि मिल सकेगी। आने वाले समय में उन्हें मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, नोनी सशक्तिकरण योजना आदि से भी लाभ प्राप्त हो सकेगा। यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि कोरिया जिले में अब तक धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान के तहत श्रम विभाग द्वारा मोबाइल कैम्प का आयोजन कर एक सप्ताह में 409 श्रमिकों का श्रम पंजीयन व नवीनीकरण कार्य पूरा कर लिया गया है।

## मादक पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए प्रेमनगर पुलिस ने चलाया क्षेत्र में अभियान



**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने नशे के विरूद्ध जीरो टारलेस की नीति अपनाते हुए सख्त कार्यवाही करने के निर्देश जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को दिए है। इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 22.06.2025 को थाना प्रेमनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला ग्राम सरसताल निवासी शशिभूषण दुबे पैदल सिरमिना-कोरबा से ओर से अपने घर की ओर गांजा लेकर आ रहा है।

थाना प्रेमनगर पुलिस सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु रवाना हुई और ग्राम सरसताल में घेराबंदी कर शशिभूषण दुबे पिता सत्यदेव दुबे उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम सरसताल, थाना प्रेमनगर को पकड़ा जिसके कब्जे से 4 किलो 350 ग्राम गांजा जप्त किया गया जिसकी कीमत करीब 1 लाख 30 हजार रूपये है। मामले में गांजा जप्त कर धारा 20बी, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रेमनगर जे.एस.कंवर व उनकी टीम सक्रिय रही।

## एक पेड़ सौ संतान नामक नाटक का प्रशिक्षण सम्पन्न

**रामनुजगंज।** रामनुजगंज संस्कार भारती जिला इकाई बलरामपुर और नई पहचान फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण हेतु जन जागरूकता लाने के लिए एक पेड़ 100 संतान नामक नाटक का प्रशिक्षण समाप्त हुआ।

प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में पंडित हर्ष द्विवेदी कला मंच के निर्देश नीरज श्रीधर जी का आगमन हुआ यह प्रशिक्षण रामानुजगंज अरगाही के निवासी कल्याण मंडल जी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के पवन कुमार पांडे ने बताया कि विगत कई दिनों से पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता हेतु कल साधकों से आग्रह करने के पश्चात जिला वन विभाग बलरामपुर के सौजन्य से संगीत नाट्य नृत्य का प्रशिक्षण चलाया गया जिसमें कला के माध्यम से समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रस्तुति करने हेतु कलाओं का प्रशिक्षण किया गया। इस पर शिक्षण में कला साधक कल्याण मंडल जय तिनाई विश्वास गुलाबी जीत संतोषी राजकुमारी रणजीत सिंह कालाचंद विश्वास सहित दर्जनों कला साधक उपस्थित हुए। इन सभी ने विगत दिनों से नाटक का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## 24 लाख गांजा कीमत के गांजा के साथ पुलिस ने दो तस्करों को दबोचा, एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही की



**सूरजपुर।** जिले में पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने करीब 24 लाख रुपये कीमत का 80 किग्रा गांजा और परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो वाहन जब्त किया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को नशे के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिए है जिसके बाद से ही जिले की पुलिस नशीली पदार्थ के गोरख धंधे पर सतत् निगाह बनाए हुए है और लगातार कार्यवाही करने में लगी हुई है। डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर ने जिले के थाना प्रभारियों को वाहन चेकिंग कर संदिग्धों की जांच करने के निर्देश दिए थे जिसके परिपालन में दिनांक 22.06.2025 को थाना जयनगर पुलिस ग्राम जमदेई में वाहन चेकिंग कर रही थी। वाहन चेकिंग के दौरान लखनपुर की ओर से एक बोलेरो वाहन आते दिखा जो पुलिस चेकिंग को देखकर वाहन मोडकर भागने का प्रयास करने लगा, पुलिस टीम के द्वारा पीछा किए जाने पर 1 व्यक्ति वाहन से निकलकर भाग निकला। बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीसी 3785 से 2 व्यक्ति ओमप्रकाश बसोर पिता फुलचंद राम उम्र 24 वर्ष ग्राम बगदरी, थाना लखनपुर हाल मुकाम ग्राम चांदो, थाना लखनपुर एवं मोतीलाल बसोर पिता बुद्धूराम उम्र 40 वर्ष ग्राम चांदो, थाना लखनपुर को पकड़ा गया जिनके कब्जे से 80 किलो गांजा बरामद किया गया। जप्त गांजा की कीमत करीब 24 लाख रूपये है। मामले में गांजा व परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो वाहन जप्त कर धारा 20(बी)(2)(सी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वही फरार 1 आरोपी की पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर नरेन्द्र सिंह, एएसआई सोहन सिंह, विशाल मिश्रा, प्रधान आरक्षक मुकेश्वर वर्मा, आरक्षक सुरेश साहू, विकास मिश्रा, रवि राजवाड़े, सैनिक मुजाहिद हुसैन, जहांगीर आलम व नोहर साय राजवाड़े सक्रिय रहे।

# जनजातीय वर्ग की जरूरतों को पूरा कर रहा धरती आबा अभियान




**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष शिविरों का सीधा लाभ मेहनतकश चेहरों पर खुशियों की मुस्कान ला रहा है। आज कोरिया जिले में जनभागीदारी शिविर के अंतर्गत ग्राम पंचायत जटासेमर, सतीपारा, रघुबीरपुर, गोल्हाघाट, जयपुर, कुंडेली, सरभोका, बोडार, खोड़गी, तरगवां, और अमर में शिविर लगाए गए और जनजातीय समुदाय से प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई कर जनहितकारी योजनाओं से जुड़ने पर लाभ प्रदान किया गया। विदित हो कि धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान में शामिल कोरिया जिले के 154 चयनित आदिवासी बहुल ग्रामों में यह शिविर 30 जून 2025 तक निरंतर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी शासन के निर्देश पर जिले की चिन्हित ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविर से जुड़कर वनवासी समुदाय को योजनाओ की जानकारी और सीधा लाभ मिल रहा है जिससे उनके जीवन में प्रकाश आने लगा है। धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत आज ग्राम पंचायत में आयोजित किए गए शिविर में आदिवासी लाभार्थी की संख्या कुछ इस प्रकार है-आधार कार्ड - 05, आयुष्मान भारत कार्ड - 12, पेंशन योजना - 02, सिकल सेल परीक्षण - 110, जाति प्रमाण पत्र - 07, नवीन राशन कार्ड - 12, निवास प्रमाण पत्र - 07, पशुपालन - 01.

# प्रत्येक योजना में समय-सीमा में कार्य पूर्णता और गुणवत्ता बेहद महत्वपूर्ण: डॉ आशुतोष

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सभी योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। शासन की सभी योजनाओं में प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रगति को लेकर दिशा- निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर उप संचालक पंचायत श्रीमती ऋतु साहू, जिला पंचायत के सभी योजना प्रमुख, जनपद पंचायत बैकुंठपुर और सोनहत के सीईओ, एस डी ओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा और सभी ग्राम पंचायतों के सचिव और रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

मंथन कक्ष में सीईओ जिला पंचायत ने आज प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी नरेगा, मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना, 15 वाँ वित्त योजना, शिक्षा विभाग के मरम्मत कार्य, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण, जिला पंचायत विकास निधि, महतारी सदन निर्माण कार्य, आर जी एस ए एवं क्षमता विकास अंतर्गत जिले में हो रहे प्रत्येक कार्य की जनपद पंचायत वार समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि प्रत्येक योजना में समय सीमा का विशेष



रूप से ध्यान रखें और मानक अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृति प्रदान करने, गैप को कम करने, हितग्राहियों को समय पर किश्तों का आबंटन करने हेतु जीओ टैग करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन हितग्राहियों को आवास स्वीकृत किए गए हैं और वह ग्राम पंचायतों में नहीं रह रहे हैं उनके विलोपन हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।प्रत्येक हितग्राही को 90 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक जिओ टैगिंग स्तर को मानक मानकर तीन चरणों में रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आवास योजना ग्रामीण के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर सब इंजिनियर सुश्री कीर्ति को और अनुपस्थिति पर ग्राम पंचायत सचिव लालमन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत संगम अभियान में आजीविका गतिविधियों को बढ़ाते हुए महिलाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु लगातार कार्य करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जिले में जल संरक्षण हेतु चल रहे आवा पानी झोंकी अभियान को और तेज कर सभी जगहों पर पांच परसेंट मॉडल बनाएं। साथ ही स्वीकृत समस्त मिट्टी कार्य और बीते वर्ष के सभी पूर्ण हो चुके निर्माण कार्यों को ऑनलाइन पूर्णता दर्ज करने के निर्देश दिए। जिओ टैगिंग को नियमित रूप से अपडेट करते हुए आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य प्रगति पर समीक्षा करते हुए डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने नए स्वीकृति के प्रस्ताव भेजने और स्वीकृत प्रत्येक कार्य गुणवत्ता के साथ अविलंब पूर्ण कराने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा कर लंबित कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु दीवार लेखन और वातावरण निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश देते हुए जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि सर्वेक्षण के निर्धारित सभी बिंदुओं पर ग्राम पंचायत सचिव त्वरित कार्रवाई करें। विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत निर्माण कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि राशि आवंटन होने के बाद सभी निर्माण कार्य समय पर पूर्ण कराएं।

## कांग्रेस ने युक्तिकरण को रोजगार विरोधी व शिक्षा विरोधी कदम बताते हुए लरंगसाय चौक पर धरना दिया

**रामानुजगंज।** जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार युक्तिकरण को रोजगार विरोधी व शिक्षा विरोधी कदम बताते हुए जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन स्थानीय लरंगसाय चौक पर आयोजित किया गया। जिसमें जिले के 9 ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में विशेष रूप से अंबिकापुर के पूर्व महापौर अजय तिर्की सामरी विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी विजय पैकरा सम्मिलित हुए वक्ताओं ने युक्तिकरण के विरोध में जमकर सरकार पर निशाना साधा। धरना प्रदर्शन के बाद रैली निकाल जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तहसीलदार को ज्ञापन सोपा। जिला कांग्रेस कमेटी से कार्यक्रम के लिए नियुक्त प्रभारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय गुप्ता ने कहा कि युक्तिकरण रोजगार विरोधी व शिक्षा विरोधी कदम है।इससे प्रदेश में 45000 शिक्षकों के पद समाप्त हो जाएंगे एवं नए सेटअप के नाम पर शिक्षकों की न्यूनतम पदों की संख्या में कटौती कर शिक्षकों के हजारों पद खत्म कर देने की साजिश सरकार के द्वारा रची जा रही है।

# आपत्ति दरकिनार, 150 करोड़ के दो ओवरब्रिज के निर्माण का रास्ता साफ

## यह काम होना है गेवरा दीपका क्षेत्र में

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के गेवरा-दीपका इलाके में कोयला वाहनों की आवाजाही सहित दूसरे मसलों को लेकर समाधान के रास्ते तलाशे जा रहे हैं। पिछले दिनों दो ओवरब्रिज बनाए जाने को मंजूरी दी गई थी जिस पर लोगों ने अलग-अलग कारणों से आपत्ति व्यक्त की। राइट्स कंपनी को इस काम का जिम्मा मिला हुआ है। खबर के अनुसार उसने अदालत की शरण ली और फैसला उसके पक्ष में आया। कहा जा रहा है कि अब ओवरब्रिज निर्माण का रास्ता प्रशस्त हो गया है।

कुछ यूनियनों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों और नागरिक संगठनों ने एसईसीएल कालोनी के आसपास से बनाए जाने वाले ओवरब्रिज के औचित्य पर सवाल खड़े किए थे। उनका कहना था कि वर्तमान में वायु प्रदूषण की समस्या नीचे सड़क पर है और इसके प्रभाव से रिहायशी इलाके के अलावा यहां संचालित विद्यालय, अस्पताल, प्रशिक्षण केंद्र सहित अन्य संस्थाएं प्रभावित हैं। ओवरब्रिज बनने से समस्या का दायरा बढ़ेगा। प्रदूषण जो अब तक नीचे सिमटा हुआ था अब इसका दायरा उपर तक जाने के साथ-साथ इसकी व्यापकता बढ़ेगी। तमाम आपत्तियों को दरकिनार करते हुए एसईसीएल ने राइट्स नामक संस्था को निर्माण एजेंसी बना दिया। तमाम तरह की बाधाओं के बीच राइट्स ने इस मामले को कोर्ट में पहुंचाया। कुछ महीनों से इस पर लगातार सुनवाई होती रही। दोनों पक्षों ने अपने तरीके से बात रखने की कोशिश की कि ओवरब्रिज बनने से क्या फायदा होगा और नुकसान क्या होंगे। इस मामले में व्यापक नागरिक हितों को लेकर भी बात की गई। बताया गया कि आखिरकार सुनवाई के बाद कोर्ट ने राइट्स के पक्ष में निर्णय दिया। इसमें कई तरह की बातें की गई है और कोयलांचल में ओवरब्रिज के निर्माण को प्रासांगिक बताया गया है।


फाइल फोटो

इस निर्णय की जानकारी होने के साथ एक बार फिर कोयलांचल में सरगर्मी तेज हो गई है कि आगे क्या किया जाए। क्योंकि आपत्ति लगाने वाले का कहना है कि एसईसीएल बेमतलब के कार्यों में धन राशि व्यय कर रहा है और ऐसे कार्यों पर जनहित से लेना-देना बिल्कुल नहीं है। इसलिए सरकारी धन की सुरक्षा के लिए लड़ाई जारी रहेगी।

### इमलीछापर की अड़चनें दूर

इधर कुसमुंडा में मालगाड़ी की बार-बार आवाजाही के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के लिए काफी समय के बाद रेलवे ने ओवरब्रिज बनाना मंजूर किया। इसके लिए काफी धीमी गति से काम चल रहा है। हाल में ही इस इलाके में दो दिवसीय अभियान चलाकर आसपास के अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। इमलीछापर तिराहे पर जल जमाव और जाम की स्थिति के चक्कर में लोग परेशान हो रहे हैं। तथ्य दिया जा रहा है कि अतिक्रमण के कारण ओवरब्रिज का काम लटका हुआ है।

### एक फ्लाईओवर फाइलों में

वहीं कोरबा के सीएसईबी चौराहे पर प्रस्तावित फ्लाईओवर फाइलों से आगे नहीं बढ़ सका है। निगम के कई बजट में इसे शामिल किया गया जबकि दो-तीन मौके पर इसका सर्वेक्षण कराने पर भी धनराशि खर्च की गई लेकिन हासिल कुछ नहीं आ सका। सीएसईबी चौराहे से डीएसपीएम तिराहे तक जाम की स्थिति के कारण फ्लाईओवर को जरूरी माना जा रहा है।

## तीन महिलाओं से अवैध शराब बरामद

**कोरबा।** बालको नगर पुलिस ने अवैध शराब की धर पकड़ के लिए अभियान शुरू किया है। लालघाट इलाके में तीन महिलाओं को इस सिलसिले में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि उनके कब्जे से 11 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। पता चला कि लंबे समय से महिला इस काम में लगी हुई है। इस वजह से आसपास का माहौल खराब हो रहा है। एक सूचना प्राप्त होने पर इसकी पुष्टि की गई और फिर पुलिस ने यहां कार्रवाई की आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

## नारद जयंती पर आयोजन 28 को

**कोरबा।** ब्रह्मांड के प्रथम संचार संवाहक देवर्षि नारद की जयंती पर 28 जून को एक आयोजन विवेकानंद सेवा सदन में किया जा रहा है। सुबह 10.30 बजे से यह कार्यक्रम होगा। पत्रकारिता से जुड़े लोग इसमें शामिल होंगे।

## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में शामिल होंगे शिवरतन

**कोरबा।** प्रदेश के भाजपा नेता शिवरतन शर्मा का आज कोरबा आगमन हो रहा है। वे मिनीमाता महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में शामिल होंगे और पौधे लगाएंगे। इस दौरान प्रदेश के मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वैशाली रत्नपारखी, सरजू अजय, चुलेश्वर राठौर, डॉ. जय लहरे सहित अनेकों नेता मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, योगेश मिश्रा, मनीष मिश्रा, मनोज लहरे, राजेंद्र ठाकुर, सुमन सोनी, रमा मिरी, सिद्धांत नारायण सोनी के द्वारा की जा रही है। इधर आपातकाल के विरोध में कल सभी मंडलों में संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। दीपका मंडल में आयोजित कार्यक्रम में कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारी हरीश थरवानी, सूर्यप्रकाश शर्मा के द्वारा की जा रही है। पाली मंडल के नुनेरा में संगोष्ठी का आयोजन होगा, जहां पर वरिष्ठ नेता संजय भावनानी, कीर्ति कश्यप, प्रयाग नारायण सांडिल्य, चंद्रशेखर पटेल, मुकेश कौशिक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। बरपाली मंडल के कार्यक्रम की तैयारी अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, सुखसिंह पटेल के द्वारा की जा रही है।

## प्रबंधन से मिलेंगे यूनियन प्रतिनिधि

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट के जेसीसी सदस्यों के द्वारा वर्कर्स क्लब में बैठक आयोजित की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि सलेक्शन सूची के विषय में प्रबंधन से मुलाकात की जाएगी। सलेक्शन सूची में 40 कामगारों को शामिल किया जाना है लेकिन नाम निरस्त किए जाने पर कोयला कामगार आक्रोशित हो गए हैं। बैठक में उपस्थित शेख चांद मंसूरी, छंदराम राठौर, हरनारायण केशरवानी, कुलदीप कुमार, बाबू सिंह, अनुज राम का कहना है कि उनके द्वारा 20 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रबंधन को सौंपा गया था। इन मांगों पर चर्चा हुई है लेकिन कुछ मांग ही पूरे करने का आश्वासन प्रबंधन ने दिए थे। अब इन सब मांगों पर आंदोलन अगले माह किया जाएगा।

## सड़क निर्माण करने आश्वासन

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर प्रबंधन और बीकेकेएमएस कार्यकर्ताओं के मध्य आईआर की वार्ता आयोजित की गई। जिसमें मानिकपुर से लेकर सीजीएम ऑफिस तक सड़क निर्माण करने की मांग की गई। प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि इस मामले का प्रस्ताव सीजीएम कार्यालय भेजा गया था। प्रस्ताव पास हो चुका है और टेंडर दिए जाने का काम भी हो रहा है। प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि आने वाले दिनों में निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। बैठक में उपस्थित शैलेंद्र सिंह, संजय सिंह, ललीन पवार, मिनी लाल, वेदराम कर्ष, डी.पी.गभेल, कमलेश सिंह ने कामगारों के अन्य समस्याओं को भी प्रबंधन के सामने रखा।

# मस्जिद में मशविरे के दौरान दो पक्ष भिड़े, अपराध दर्ज



**कोरबा।** कटघोरा स्थित जामा मस्जिद में पिछली रात विवाद के साथ दो पक्षों में जूतम-पैजार की स्थिति निर्मित हो गई। भीतर के साथ-साथ बाहरी परिसर में भी मारपीट की तस्वीरें निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। दो पक्षों ने इस बारे में पुलिस में शिकायत की जिस पर बीएनएस की धाराओं में फौरी तौर पर अपराध दर्ज कर लिया गया।

सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया कि मस्जिद में पिछली रात 9.30 बजे के आसपास यह घटना हुई। मुस्लिम समाज के लोग यहां पहुंचे थे। वे नागपुर और दिल्ली मरकजी को फॉलो करते हैं। बताया गया कि किसी विषय पर मशविरे के बाद यहां एकाएक विवाद की स्थिति बनी और फिर एक युवक मौके से उठा और उसने धमक दिखाते हुए दूसरे व्यक्ति से मारपीट शुरू कर दी। कई और लोग इसकी चपेट में आए। बाद में डेमेज कंट्रोल व आक्रमण को डिफाल्ट करने के लिए दूसरे पक्ष ने कोशिश की। इस दौरान यहां गजब के हालात दिखाई दिए। हालांकि कुछ लोगों ने हस्तक्षेप करते हुए मसले को शांत कराने का पुरजोर प्रयास भी किया। खबर के अनुसार मारपीट के शिकार एक व्यक्ति भीतर से बाहर की तरफ रूख किया तो वहां भी उससे मारपीट की गई। इसके बाद इस घटना में शामिल और पीड़ित पक्ष ने पुलिस थाना पहुंचकर इस बारे में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने उक्तानुसार काउंटर केस रजिस्टर किया।

### मेरा कोई लेना-देना नहीं

मस्जिद में सामान्य विषय पर चर्चा हो रही थी, तभी एक युवक ने विवाद शुरू किया और फिर मारपीट की स्वाभाविक रूप से इसकी प्रतिक्रिया हो रही थी। इस मामले में न तो मेरा कोई लेना देना है और न ही मेरे लोगों का।

**-शेख इस्तियाक, प्रतिनिधि मुस्लिम समाज**

### शिकायत पर कार्रवाई

नगर के जामा मस्जिद में पिछली रात दो पक्षों में विवाद की शिकायत यहां तक पहुंची। संबंधित पक्षों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है।

**-डीएन तिवारी, टीआई कटघोरा**

# नई शिक्षा नीति से मेंटेन होगी क्वालिटी : अजय



**कोरबा।** सरकार द्वारा लागू की गई नई शिक्षा नीति सत्र से प्रभावशील हो रही है। पाठ्यक्रम में बदलाव के साथ व्यापक सुधार किए जाने से यह विद्यार्थियों के लिए न केवल ज्ञानवर्धक होगी बल्कि इससे शिक्षा के स्तर में आशाजनक परिवर्तन भी होगा।

एजुकेशनिस्ट अजय दुबे ने औपचारिक चर्चा में यह बात कही। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार की ओर से जो कदम उठाया गया है उसकी वाकई आवश्यकता थी और देखा जाए तो यह काम बहुत पहले हो जाना चाहिए था लेकिन अज्ञात कारणों से ना तो इस पर विचार किया गया और ना ही इस जमीन पर उतरने की कोशिश की गई। राज्यों की प्रादेशिक भाषा छत्तीसगढ़ी को भी पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से शामिल किए जाने का मतलब यह होगा कि सीजी बोर्ड और सीबीएसई में समानता होगी। सीजी बोर्ड के स्कूल में जो पाठ्यक्रम चलेगा वहीं सीबीएसई बोर्ड में भी। कहा जा सकता है कि ऐसा होने से शिक्षकों की जिम्मेदारी बढ़ेगी और प्रतिस्पर्धा के युग में वे अपने आप को साबित करने का काम करेंगे। आर्यन पब्लिक स्कूल के निदेशक अजय दुबे शिक्षा सत्र की पढ़ाई प्रारंभ होने के कुछ समय बाद नवीन शिक्षा नीति के प्रभाव को महसूस किया जा सकेगा। उम्मीद की जानी होगी कि जिस उद्देश्य से एजुकेशन पॉलिसी में परिवर्तन किए गए हैं वह धरातल पर शीघ्र नजर आएंगे।

## सिस्टा व काउंसिल का अभ्यास वर्ग

**कोरबा।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर में सिस्टा व काउंसिल के कार्यकर्ताओं का अभ्यास वर्ग आयोजित किया गया। जिसमें सिस्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.पी. खांडे के नेतृत्व में विजय मिरी, शैलेष मसीह, दिनेश सिंह सहित अनेकों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस आशय की जानकारी देते हुए डहारूराम ने बताया कि अभ्यास वर्ग में रोस्टर नियमों की जानकारी दी जाती है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने आरक्षण के मामले में भी कारगारों को छूट दे रखा है।

# शताधिक आरोपी भेजे गए जेल

**कोरबा।** अलग-अलग आपराधिक मामलों में वांछित ऐसे आरोपियों की खोज की जा रही है जो कोर्ट में पेश में नहीं हो रहे हैं। पुलिस ने अभियान चलाने के साथ शताधिक ऐसे तत्वों को दबोचने साथ जेल का रास्ता दिख दिया।



पुलिस अधिकारी ने बताया कि अरसे से फरार स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों की तामिल के निर्देश के बाद जिला कोरबा के सभी थानों में वारंटियों के गिरफ्तारी की ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई। विगत दो दिवस के भीतर विभिन्न थानों में 12 स्थाई तथा 89 गिरफ्तारी वारंटियों सहित कुल 101 अरसे से फरार अपराधियों को गिरफ्तार कर अलग-अलग न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस के इस कार्यवाही से अपराधियों में अफरा तफरी देखी गई। अभियान मे थाना उरगा, कोतवाली, बालको, पाली, दर्री, करतला, हरदीबाजार, कुसमुंडा, दीपका, बांकीमोंगरा, सिविल लाइन रामपुर, कटघोरा तथा बांगो और पुलिस चौकी कोरबी, जटगा, मोरगा, मानिकपुर एवं सीएसईबी में वारंटो की तामिली हुई। अभियान के तहत थाना उरगा ,बांकीमोंगरा और बाल्को ने अधिक वारंट तामिल किये ।

बताया गया कि थाई वारंट तमिल करने वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा। अपराध, अपराधियों तथा वारंटी के विरुद्ध धर पकड़ का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ।

## कापानवापारा, परला एवं बनिया के जंगल में घूम रहे हाथी

**कोरबा।** जिले के परला, कापानवापारा, चैतमा एवं बनिया गांव के जंगल में बड़ी संख्या में हाथी घूम रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है। इसे देखते हुए वन विभाग ने क्षेत्र में मुनादी कराने के साथ ग्रामीणों को सतर्क करने का काम शुरू कर दिया है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि वे हाथियों से दूरी बनाए रखें।

# राम मंदिर से निकलेगी शोभायात्रा बालको नगर में

**कोरबा।** भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की रथ यात्रा के लिए बालको नगर क्षेत्र में उत्कल समाज व हिंदू समाज तैयारी में जुटा हुआ है। बड़े पैमाने पर आयोजन यहां पर विगत कई वर्षों से हो रहा है।

आयोजन समिति के एक पदाधिकारी ने बताया कि 27 जून को रथ यात्रा महोत्सव धूमधाम के साथ यहां संपन्न होना है। रथ निर्माण की प्रक्रिया जोर-शोर से चल रही है। आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को दोपहर बाद बेला कछार श्री राम मंदिर परिसर में पूजा अर्चना के साथ भगवान की रथयात्रा प्रारंभ होगी। परंपरागत रूप से छेरा पहरा की विधि यहां पर पूरी कराई जाएगी और फिर भगवान के रथ को रस्सी से श्रद्धालु खींचेंगे। बालको नगर के रिहाईसी इलाके से होते हुए रथ यात्रा बस स्टैंड के नजदीक गुंडिचा मंदिर पहुंचकर पूरी होगी। बताया गया कि अगले 10 दिन तक भगवान अपनी मौसी के यहां मेहमान के तौर पर रहेंगे और इस अवधि तक उनकी नित्य सुबह-शाम पूजा अर्चना संपन्न होगी। अंतिम दिवस वापसी यात्रा निकाली जाएगी और फिर भगवान अपने मूल मंदिर में पहुंचकर आरूढ़ होंगे।



## बच्चों का बिंदु प्रासन्न संस्कार 27 को

**कोरबा।** चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, पतंजलि चिकित्सालय एवं शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिमासानुसार इस माह में भी बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए 27 जून को स्वर्ण बिंदु प्रसन संस्कार दिया जाएगा। डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा ने बताया कि शुभ पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चो को किया जाना है । साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य का निशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण करने के साथ-साथ बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये बच्चों को एवं उनके अभिभावकों को बच्चों की आयुनुसार उनके लिए उपयोगी आहार विहार के विषय मे विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

जय श्रीराम
प्लाट बेचना है
दादर-कोरबा मेनरोड में 20 डिसमिल का प्लाट बेचना है।
डायवर्टेड प्लाट/मकान खरीदी-बिक्री हेतु
संपर्क करें
प्रापर्टी डीलर
62681-46606

# सुभाष ब्लॉक मुख्य मार्ग के डामरीकरण की पोल खुली

## कुछ महीने पहले रुपए खर्च हुए थे काम पर

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा क्षेत्र के सिविल विभाग द्वारा 4 महीने पहले ही सुभाष ब्लॉक मुख्य मार्ग का डामरीकरण कराया गया था। सीमित समय में ही कई जगह सड़क उखड़ गई है और इसमें गड्ढे हो गए हैं। यह दिखाते हैं कि निर्माण के समय क्वालिटी और मॉनिटरिंग किस स्तर की राही।

कोयला कंपनी के निर्माण कार्यों पर लगातार सवाल खड़े होते रहे हैं और ऐसा एक बार फिर हुआ। एसईसीएल ने ठेके पर सड़क डामरीकरण कराया था। काफी जल्दबाजी में इस काम को किया गया। उस समय इस प्रकार की क्लेम किए जा रहे थे कि यह काम टिकाऊ साबित होगा। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। हालात ऐसे हैं कि कालीबाड़ी तिराहा से कोलियरी मस्जिद तक बीच में कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं और सड़क एक प्रकार से गायब हो गई है। बारिश होने पर गड्ढे में बर्फ पानी लोगों को कंफ्यूज करता है कि यहां से बचें या पर हो जाए। रोज आवागमन करने वाला वर्ग इस बात को जानता है कि मुश्किल कहां पर है लेकिन अनजाने लोग अनहोनी का शिकार हो जाते हैं। लगातार इस प्रकार की परिस्थितियों निर्मित हो रही है और इसकी जानकारी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के अधिकारियों तक पहुंच भी रही है। हैरानी की बात यह है की ना तो सीजीएम ध्यान दे रहे हैं और ना ही सिविल विभाग के स्टाफ ऑफिसर। और तो और कॉन्ट्रैक्ट एजेंसी पर इस बात के लिए दबाव भी नहीं बनाया जा रहा है कि वह अपने घटिया काम की वजह से लोगों को हो रही परेशानी का समाधान करने का रास्ता निकाले। हमारे सूत्रों ने बताया कि सीसीएल में सिविल वर्क मार्जिन के आधार पर जारी होते हैं और यही एक खास वजह है कि ऐसे मामलों में ना तो निगरानी होती और ना ही क्वॉलिटी मेंटेन को लेकर ध्यान देने की जरूरत समझी जाती। कहा जा रहा है कि जब अधिकारियों को सिर्फ कमिशन से मतलब होगा तो कॉन्ट्रैक्ट एजेंसी को चिंता किस बात की। सीजीएम कार्यालय से मानिकपुर कालोनी को जाने वाले रास्ते में भी हालात कुछ ऐसे ही हैं। मानिकपुर पोखरी के नजदीक की सड़क भी टूट-फूट का शिकार है। स्थानीय लोगों सुधार के लिए ध्यानाकर्षित कराया लेकिन बात नहीं बनी।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com